भाद्रपद कृष्ण पक्ष-06, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 82 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
05 सितंबर 2023
मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

**भाजपा ने पकड़ा मैदान :** शाह आज मंडला व श्योपुर में, कांग्रेस में रणनीतिक बैठकों का दौर

# अब शिवराज का रिपोर्ट कार्ड लेकर रथ निकले, मैहर बना 57वां जिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
सत्तारूढ भाजपा की विकास योजनाओं की कहानी लोगों तक पहुंचाने के लिये आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास रथों को हरी झंडी दि खाई। वहीं मैहर को जिला बनाने की घोषणा भी उन्होंने वर्चुअल सभा को संबोधित करते हुए कही। मैहर प्रदेश का 57वां जिला होगा। इसके पहले हाल के दिनों में ही शिवराज ने पाढुंना, मऊगंज, नागदा,पिछोर को भी जिला बनाने का ऐलान किया है। दरअसल, सतना में चल रही जन आशीर्वाद यात्रा के तीसरे दिन उक्त यात्रा मैहर पहुंची तो घंटाघर के समीप सभा को वचुर्अल संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह मैहर आकर यह बात कहना चाहते थे लेकिन मंडला में गृह मंत्री के आज कार्यक्रम के चलते वे नहीं आ सके। उन्होंने कहा कि जिला बनाने की प्रक्रिया आज से ही शुरू कर दी गई है। मैहर को जिला बनाने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी।



**शाह द्वारा जारी रिपोर्टकार्ड लेकर घूमेंगे रथ**



दो दिन पहले ही मप्र में जन आशीर्वाद यात्रा भी सरकार के कामकाज के प्रचार के लिये शुरू हुई है। अब विकास रथ भी प्रदेश के तमाम जिलों में पहुंचेंगे इनके जरिए लोगों को शिवराज सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। इन विकास रथ की थीम 'विकास किया है विकास करेंगे' रखी गई है। पिछले दिनों भोपाल में अमित शाह ने सरकार को रिपोर्ट कार्ड जारी किया था, उसे जनता तक यह रथ पहुंचायेंगें।

### शाह मंडला पहुंचे, शाम को श्योपुर में



आज भी भाजपा की दो जनआशीर्वाद यात्राएं शुरू हो रही हैं। अमित शाह ने मंडला में इसे हरी झंडी दिखाई और शाम को श्योपुर से भी इस यात्रा को रवाना करेंगे। शिवराज ने मंडला रवाना होने से पहले कहा कि कांग्रेस ने जिस मप्र को बर्बाद और तबाह कर दिया था उसे भाजपा की सरकार ने विकसित कर अग्रपंक्ति में खड़ा कर दिया है। रथ रवानगी पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल महापौर मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा एवं जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी आदि उपस्थित थे।

### इधर कांग्रेस में मैराथन बैठकों के आने लगे नतीजे

कांग्रेस में तीन दिन से मैराथन बैठकों का दौर चल रहा है। यह बैठकें प्रभारी राणदीप सिंह सुरजेवालां और जितेंद्र सिंह ले रहे हैं। इसके कुछ नतीजे तत्काल भी नजर आ गये हैं। कांग्रेस ने विंध्य को बैलेंस करते हुए अजय सिंह को स्क्रीनिंग कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य बतौर शामिल कर लिया है,इसके पहले यहां से कमलेश्वर पटेल को लेने पर राजनीतिक शह और मात की चर्चा चल पड़ी थी। अब सिंह के साथ अरूण यादव और सुरेश पचौरी भी इस समिति में शामिल किये गये हैं। वही मप्र की चुनाव अभियान समिति के मुखिया व आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया द्वारा 'जारी सूची' को फर्जी बता देने के बाद पार्टी के भीतर उथलपुथल मची हुई है। समिति में समिति के पदाधिकारियों व ज़िला अध्यक्षों के नाम थे। बताया जाता है कि पहले तो सूची को कार्यालय से बकायदा जारी किया गया मगर देर रात ही पीसीसी ने ही फर्जी व कूटरचित बता दिया। अंदरखानों में चर्चा है कि समिति का मामला सुरजेवालां व जितेंद्र सिंह तक आने के बाद तय हुआ है कि समिति में कुछ और नाम जुडेंगे तथा इसे संतुलित किया जायेगा।



## इंडिया और एनडीए के बीच पहला चुनावी मुकाबला आज

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
विपक्षी दलों के नये गठबंधन इंडिया और एनडीए के बीच आज पहले मुकाबले के तहत आज 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहा है और सुबह से मतदान जारी है। साल के आखिर में 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले इसे भाजपा के खिलाफ बने विपक्षी गठबंधन की पहली परीक्षा माना जा रहा है। उपचुनावों के परिणाम देश की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। जिन 7 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है,उनमें बंगाल में धूपगुड़ी विस सीट, केरल की पुतुपल्ली, उत्तराखंड की बागेश्वर, झारखंड में डुमरी, त्रिपुरा में बाक्सानगर व धनपुर सीटें शामिल हैं। इस चुनाव का परिणाम 8 सितंबर को आएगा। इसमें भी उत्तर प्रदेश की घोसी सीट सबसे ज्यादा चर्चा में है। यहां से भाजपा के दारा सिंह चौहान चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहीं उत्तराखंड के बागेश्वर सीट पर भी भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है। अन्य सीटों पर भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच मुकाबला है।



**मध्यप्रदेश: संकट में किसान**

## पटवारी हड़ताल पर, बिजली गुल, बारिश भी रुला रही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र में किसानों पर इस समय हर तरफ से मार पड़ रही है। पहले से बारिश नहीं हो रही है, फसलें सुख रही है। ऐसे समय में सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है तो राजस्व से जुड़े काम करने वाले पटवारी हड़ताल पर डटे है। जिसके कारण जमीन के रिकार्ड से जुड़े काम नहीं हो पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 19 हजार पटवारियों की नौवे दिन भी आज हड़ताल जारी है। जिसकी वजह से किसान सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, बंटान, धारणाधिकार सहित तहसील से जुड़े अन्य कामों को लेकर परेशान है। ये सभी काम नहीं हो रहे हैं, क्योंकि इनमें पटवारियों की जरुरत होती है। पटवारी 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। पटवारी 25 साल से ग्रेड-पे और प्रमोशन की मांग कर रहे हैं। दूसरे राज्यों में पटवारियों का ग्रेड–पे मप्र की तुलना में अधिक है।



**पटवारियों पर ये थी प्रमुख जिम्मेदारियां**
पटवारियों के जिम्मे प्रमुख रूप से नामांतरण, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निर्वाचन के कार्य, फसल गिरदावरी, पीएम-सीएम पेमेंट और पुलिस के साथ घटना स्थल पर पंचनामा बनाना आदि कार्य हैं, जो प्रभावित हो रहे है।

## थाने में उत्पीड़न की शिकायत लेकर गई महिला से गैंगरेप

**चंडीगढ , एजेंसी।**
हरियाणा के पलवल में पति के खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंची महिला से पुलिस सब इंस्पेक्टर के दोस्तों ने गैंगरेप किया। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों ने उसे तीन दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर रखा, जहां उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया गया, बाद में, आरोपियों ने उसे एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया और उसने भी यौन उत्पीड़न किया। इस मामले में रविवार को हसनपुर थाने के सब इंस्पेक्टर समेत सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी है। अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी का फोन मिलने के बाद महिला ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद उसे बचा लिया गया। पुलिस ने महिला को उसके परिवारवालों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।



## मुख्यमंत्री नीतीश फिसले सुरक्षाकर्मियों ने संभाला



**पटना एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना यूनिवर्सिटी में एक उद्घाटन कार्यक्रम में पैर फिसलने से लड़खड़ा गए। हालांकि वहां मौजूद उनके सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया और नीचे गिरने से पहले ही संभाल लिया। इस दौरान बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे, शिक्षक दिवस के अवसर पर नीतीश पटना यूनिवर्सिटी के व्हीलर सीनेट हाउस का उद्घाटन करने पहुंचे थे। जब वे राज्यपाल के साथ शिलापट्टिका का पर्दा हटाने के लिए डोरी खींच ही रहे थे कि नीतीश कुमार का पैर फिसल गया।

## प्रदेश के 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के साथ स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद हैं। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में राजगढ़ की पूजा पनवार, बालाघाट की तिलोतमा कटरे, संध्या तंतुवाय पन्ना, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सीधी, इंदौर की नमिता दुबे, ग्वालियर की सुनीता पाठक, शरद कुमार पांडे सिंगरौली व दमोह जिले से विमल कुमार पटेल शामिल हैं। उच्चतर माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में मुरैना से राकेश कुमार शर्मा, उज्जैन से राजेश राठौर, छिंदवाड़ा से मनीषा जैन, सागर शालिनी, बड़वानी से अजय यादव एवं उज्जैन से प्राचार्य अशोक कुमार सक्सेना का चयन किया गया।




## आग नहीं उगल पाते थे पराग, इसलिए मस्क को नहीं आए पसंद!

**नयी किताब में खुलासा**

**न्यूयार्क, एजेंसी।**
एलन मस्क ने पिछले साल ट्विटर की कमान संभालते ही भारतीय मूल के सीईओ पराग अग्रवाल को बर्खास्त कर दिया था,इसके बाद खूब चर्चा भी चली थीं लेकिन अब इस बर्खास्तगी से जुड़ी कुछ बातें सामने आई हैं। हाल ही में, एक नई किताब में खुलासा किया गया है कि मस्क ने अग्रवाल को नौकरी से इसलिए निकाला था, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह आग उगलने वाले ड्रैगन नहीं थे। दरअसल, वाल्टर इसाकसन ने अरबपति की जीवनी पर आधारित एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक उन्हीं के नाम पर रखा है। यह 12 सितंबर को प्रकाशित होने वाली है। इस किताब के कुछ अंश मीडिया में सामने आये हैं।

इसमें पिछले साल मार्च में एलन मस्क और पराग अग्रवाल की मुलाकात के बारे में बताया गया है। इस मुलाकात के दौरान एलन मस्क ने बताया था कि पराग अग्रवाल में क्या कमी थी। मुलाकात से कुछ दिन पहले 14 अप्रैल को मस्क ने कंपनी को खरीदने के लिए ट्विटर को एक प्रस्ताव दिया था। बाद में 27 अक्टूबर को 44 अरब डॉलर में सौदा तय हुआ था। इस बैठक को लेकर बताया गया है कि मस्क ने तत्कालीन ट्विटर सीईओ से मुलाकात करने के बाद कहा कि वह वास्तव में बहुत अच्छे हैं, लेकिन उसमें एक कमी के चलते उन्हें बतौर मैनेजर पसंद नहीं किया जा सकता है। क्योंकि ट्विटर को आग उगलने वाले ड्रैगन की जरूरत है और पराग में वह बात नहीं है।बाद में लिंडा याकारिनो को इस पद पर नियुक्त किया गया था। जुलाई में सैन फ्रांसिस्को मुख्यालय वाली कंपनी का नाम बदलकर भी एक्स कॉर्प कर दिया गया।





**मेट्रो एंकर** | हवा में अब हर दिन अजब 'हादसों' की कहानियां

## मौसम नहीं बल्कि खराब पेट के चलते इमरजेंसी लैंडिंग!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
हाल के दिनों में हवाई सफर के दौरान कई अजीबोगरीब मामले आ रहे हैं और यात्रियों के दुर्व्यहार,खराब बर्ताव या विमान में तकनीकी खराबी के चलते कई बार एक्शन हुए हैं। अब नया मामला 'खराब पेट' का आया है। दरअसल अब तक खराब मौसम या विमान में तकनीकी खराबी के चलते ही फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया जाता रहा है या फिर वापस उतारा जाता है लेकिन अब सवाल यह है कि क्या एक व्यक्ति के बार - बार शौचालय जाने के चलते ऐसा हो सकता है? खबरों के मुताबिक हाल में एक फ्लाइट में ऐसे ही हालात बने गये। डेल्टा की फ्लाइट ने रात को अटलांटा, जॉर्जिया से दो घंटे देरी से उड़ान भरी और स्पेन के बार्सिलोना के लिए रवाना हुई मगर पायलट को फ्लाइट वापस लेने के लिए तब मजबूर होना पड़ा वह भी तब, जब 37,000 फीट की ऊंचाई पर एक व्यक्ति को भयंकर डायरिया हो गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को भेजे गए एक मैसेज के अनुसार, शख्स के खराब पेट के चलते हर जगह गंदगी फैल गई थी। फ्लाइट के पायलट ने ग्राउंड को बताया यह एक बायोहाज़र्ड मुद्दा है। जब विमान वापस लौटा तो पूरे विमान में गंदगी थी, उसे साफ किया गया और डेल्टा को एक नया चालक दल ढूंढना पड़ा क्योंकि पुराने चालक दल का कथित तौर पर समय समाप्त हो गया था।




**'थोड़ी देर और विमान उड़ाओ'**

*उल्लेखनीय है कि हाल में एक शख्स ने विमान यात्रियों को तब हैरान कर दिया था जब उन्होंने पायलट को लैंडिंग से पहले 'थोड़ी देर तक उड़ान भरने' की रिक्वेस्ट कर डाली, इसका मकसद यह था कि उसे अपने छोटे बेटे को विमान की ही सैर कराने के लिये अधिक समय मिल सके। बताते हैं कि यात्री के साथ दो बच्चे थे, जो थोड़े शैतान थे और पूरे सफर अपनी सीटों पर खड़े रहे। जब उतरने के लिए सभी को अपनी सीट बेल्ट बांधने का समय आया, तो उनके एक बच्चे ने इनकार कर दिया। पिता ने भी बच्चे को समझाने से इनकार कर दिया और मांग की कि फ्लाइट की लैंडिंग को और आधे घंटे लेट कर दिया जाए ताकि उनका बेटा थक कर खुद बैठ जाए।*

# नूतन कॉलेज के वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने किया अन्नदान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नूतन कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा अन्नदान-महादान ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें वाणिज्य विभाग की लगभग दो हजार छात्राओं एवं विभागीय सहयोगियों द्वारा गेहुँ, चावल, दाल, आटा, कपडे, बर्तन, एकत्रित किए गए। इस ड्राइव का मुख्य उद्देष्य छात्राओं में समाज के कमजोर एवं वंचितजनों के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझना है । छात्राओं द्वारा लगभग तीन क्विंटल चावल, एक क्विंटल दाल, एक क्विंटल आटा, कपडे और बर्तन दान किए गए । उक्त दान की सामग्री हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था के लिए गैर-सरकारी संगठन 'प्रेरणा सेवा ट्रस्ट' में उपरोक्त सामग्री दान की गई। छात्राओं ने स्वंय उपस्थित होकर भोजन वितरण में अपनी सहभागिता दी।



### मामला सुल्तान होटल का, शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही की

# रसोई में जा रही थी टायर मोल्डिंग से निकलने वाली धूल, होटल कराया बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर की कुछ होटल और रेस्टोरेंट में ग्राहकों के लिए खाना पकाने और परोसने के नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। इसका असर यहां पहुंचने वाले ग्राहकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस पर किसी का नियंत्रण नहीं है, केवल ग्राहकों द्वारा शिकायत करने के बाद कार्यवाही होती है वह भी कई बार खानापूर्ति बनकर रह जाती है।

न्यू कबाड़खाना स्थित सुल्तान होटल का मामला भी कुछ ऐसा ही है। इस होटल की रसोई में हानिकारक डस्ट पहुंच रही थी, जो टायर मोल्डिंग की दुकान से निकलने वाली थी। यही खानपान सामग्री में मिल रही थी। एक ग्राहक की शिकायत के बाद उक्त् होटल संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने लाइसेंस निलंबित करने और होटल बंद कराने की कार्यवाही की है।



### ग्राहक की शिकायत पर अधिकारियों के दावे

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दावा किया है कि लगातार शिकायत मिल रही थी लेकिन अब कार्यवाही की है। इसका मतलब हुआ कि पूर्व में मिली शिकायतों के आधार पर कार्यवाही नहीं की जाकर केवल अनदेखी की जा रही थी। यह भी दावा किया गया कि सुल्तान होटल में गंदगी के बीच खाना बनाया जा रहा था। उनकी रसोई के पास टायर मोल्डिंग कि दुकान है, इसकी डस्ट सीधे रसोई में जा रही थी। इसका असर खाने की गुणवत्ता पर पड़ रहा था।

### बिना पंजीयन के चला रहे थे प्रतिष्ठान

गांधी मार्केट, पिपलानी स्थित केसरीनंदन मिष्ठान्न भण्डार में मिठाइयों कि गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी।सोमवार को प्रतिष्ठान से मावे से बनी मिठाइयों के दो नमूने एकत्र किए गए हैं। प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार का संचालन बिना खाद्य पंजीयन प्राप्त होना पाया गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## माशिंम की 10वीं 12वीं की पूरक परीक्षा के परिणाम जारी

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने हाईस्कूल पूरक, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम (द्वितीय अवसर) परीक्षा वर्ष 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। हाईस्कूल पूरक परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 87877 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, इनमें से कुल 87781 परीक्षार्थियों का परीक्षाफल घोषित किया गया है। जिसमें से प्रथम श्रेणी में 7711 परीक्षार्थी, द्वितीय श्रेणी में 51235 परीक्षार्थी एवं तृतीय श्रेणी में 6650 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। वहीं 22185 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 74.72 प्रतिशत रहा है। हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम द्वितीय अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 337 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें से कुल 329 परीक्षार्थियों का परीक्षाफल घोषित किया गया है।

# विवादों में दीक्षांत समारोह

### पूर्व स्टूडेंट्स से राशि लेने के विरोध में एनएसयूआई ने लिखा उपराष्ट्रपति को पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय (एमसीयू) के विशनखेड़ी परिसर में 15 सितंबर को आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह में पूर्व स्टूडेंट्स से 600 रुपए की राशि मांगे का विरोध शुरू हो गया है। एनएसयूआई ने इसको लेकर अब उपराष्ट्रपति को पत्र लिखा है।

दरअसल, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) द्वारा एक अधिसूचना जारी कर पूर्व स्टूडेंट्स से 600 रुपए की राशि मांगी गई है। कुलसचिव का तर्क है कि 600 रुपए में छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्रम् एवं दोपहर का भोजन करवाया जाएगा। एनएसयूआई के रवि परमार ने इस अधिसूचना के विरोध में उपराष्ट्रपति को पत्र लिखा है और कहा कि विश्वविद्यालय के कोष में छात्र-छात्राओं के अंगवस्त्रम् और भोजन के लिए भी राशि नहीं हैं। परमार ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को पत्र लिखकर कहा है कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए घर से अपना भोजन (लंचबॉक्स) लेकर आएं।

# मैनिट में मनाया गया 64वां स्थापना दिवस



**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग सभागार में 64वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा (आईपीएस), महानिदेशक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में मैनिट एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष बिप्लबडे शामिल हुए। 1960 के संस्थान के पहले बैच के पूर्व छात्र विधायक पी.सी.चतुर्वेदी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप् में उपस्थित हुए।समारोह की अध्यक्षता मैनिट के निदेशक प्रो. के.के. शुक्ला ने की। समारोह में 300 से अधिक प्रतिभागियों के बीच में 100 से अधिक पूर्व छात्र और सेवानिवृत्त संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को दुनिया भर के सभी पूर्व छात्रों के लिए यूट्यूब पर लाइव प्रसारित भी किया गया।

## डुअमृतवेला ट्रस्ट के रिंकू के जन्म दिवस पर 20 को आयोजन होंगे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अमृतवेला ट्रस्ट के रिंकू वीर का जन्म उत्सव 20 सितंबर को मनाया जाएगा। सुखमनी पाठ के साथ उत्सव की शुरूआत होगी। अमृतवेला ट्रस्ट बैरागढ़ के सेवादार धीरज ने बताया की संगत का भाई साहब के प्रति अति प्रेम है ,



संगत ने अपने अपने नित नेम के अलावा भाई साहब के लिए - जपजी साहिब के पाठ, सुखमनी साहिब के पाठ, मूल मंत्र के पाठ करके भाई साहब के लिए गुरु से अरदास की है । टिलवानी ने बताया 20 सितंबर को अमृतवेला सेंटर पर अमृतवेले में संगत द्वारा श्री जपजी साहिब और सुखमनी साहिब के पाठ किए जाएँगे। इसके साथ दोपहर में संत कंवरराम चौराहे पर प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा । संगत पौधारोपण भी करेगी। शाम छह बजे से संध्या कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कीर्तन के लिए पूरे शहर एवं आस पास के इलाकों से भी संगत कीर्तन में जुड़ेगी।

### अधर में मदरसा बोर्ड की योजना

# मदरसों में 5 साल बाद भी शुरू नहीं हो सकीं स्मार्ट क्लासेस

**भोपाल , दोपहर मेट्रो।**

मदरसा बोर्ड की 5 साल पहले शुरू की गई स्मार्ट क्लासेस की योजना आज भी अधर में है। इसके लिए प्रदेश के 11 मदरसों के करीब 22 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए पुणे भेजा था। इन शिक्षकों की बकायदा ट्रेनिंग भी हुई, लेकिन मदरसों में स्मार्ट क्लास शुरू नहीं हो सकी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 2500 से ज्यादा मदरसे हैं। मदरसा बोर्ड ने 2018 में स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की तैयारियां शुरू की थीं। मदरसों में आधुनिक तकनीक से पढ़ाई के लिए दो-दो स्मार्ट क्लासेस बनाई जानी थीं। 22 टीचर्स को पुणे के आजम कैंपस में ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। हालांकि चुनाव हुए तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ गई। जिसके बाद तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। तब से अब तक बोर्ड को न तो अध्यक्ष मिला और न मदरसों के कायाकल्प के लिए योजना पर किसी ने ध्यान दिया। नतीजन यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

### 11 मदरसों के 22 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए भेजा था पुणे



## रीवा में संस्कृत विवि का स्थापना होगी

**भोपाल , दोपहर मेट्रो।**

जनसम्पर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शीघ्र ही ज़लि में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना लक्ष्मणबाग परिसर में की जाएगी। मुख्यमंत्री 30 सितम्बर को लक्ष्मणबाग परिसर में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पाँच पाठ्यक्रमों में पढ़ाई शुरू होगी और भविष्य में विश्वविद्यालय के रूप में विकास किया जाएगा।

शुक्ल ने कहा कि रीवा में पत्रकारों के लिए आवासीय भूखण्ड प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक भूखण्ड 1375 वर्ग फिट का होगा। इस संबंध में जो भी कठिनाई होगी उसका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रीवा में 500 करो? रुपए की लागत से हवाई अड्डे का निर्माण किया जा रहा है, निर्माण कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण होगा। रीवा में आईटी पार्क की स्थापना के लिए 30 करो? रुपए मंजूर किए गए हैं। बहुती नहर का काम तेजी से जारी है। इससे 6 लाख एक? में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी।

### मेट्रो एंकर

### आयोजन को लेकर विशिष्टजनों की बैठक हुई

# साधु मिशन की प्रमुख दीदी कृष्ण 27 सितंबर से तीन दिन प्रवास पर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आध्यात्मिक संत और साधु वासवानी मिशन की प्रमुख दीदी कृष्णा कुमारी तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आएंगी। संतनगर में 27 को सत्संग संध्या का आयोजन होगा। तैयारियों को लेकर सोमवार को नंदवानी भवन में गणमान्य नागरिकों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक नरेश ज्ञानचंदानी ने की। बैठक में बताया गया कि 27 सितंबर को शाम 6 बजे साधु वासवानी स्कूल मैदान परसत्संग संध्या होगी, जिसमें दीदी कृष्णा कुमारी संगत करेंगी। रॉकस्टार नील तलरेजा भजन कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। बैठक में संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी,



कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, कपड़ा संघ के महासचिव दिनेश वाधवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, हरीश मेहरचंदानी, राजा मोटवानी , कलाकार नरेश गिदवानी, मोहित शेवानी, हैप्पी क्लब के अमित बिनवानी राजा इसरानी, भारत धनवानी, झूलेलाल कल्याण मंडल के अध्यक्ष राजकुमार वाधवानी, साधु वासवानी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष दयालदास डेटानी नंदकुमार दादलानी , साधु वासवानी मिशन से जुड़ी डॉक्टर राजकुमारी चोटरानी, रेणु नरयानी सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो को रजत सात को कांस्य

# मिठी के कराटे खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

20वाँ राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप उज्जैन में हुई, जिसमें मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिनेम जैन एवं निखिल सिंह ने रजत पदक तथा सात विद्यार्थियों हार्दिक आसवानी, आर्जव जैन, शिवांश कुमार सिंह, अर्नव जैन, वीर टिलवानी, तरूण सावलानी व निहाल सिंह कांस्य पदक हासिल किए। राज्य-स्तरीय कराटे कुमिति चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के चरण को पार कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर सिद्धभाऊजी ने छात्र एवं विद्लाय परिवार को बधाई दी हैं। संस्था के हीरो ज्ञानचंदानी, ए.सी. साधवानी, के.एल. रामनानी, मैनेजमेंट ट्रस्टी, घनश्याम बूलचंदानी, भगवानदास दामानी, अकादमिक गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवानदास बाबानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने भी बच्चों को बधाई दी है।



## अभिमत

# एक अकेला भारत दो सौ देशों पर पड़ रहा भारी

आलोक मेहता



जी-20 देशों के संगठन के दिल्ली में होने जा रहे सम्मेलन को ऐतिहासिक महत्व का बताए जाने पर कुछ लोगों को आश्चर्य होता है। लेकिन मुझे लगभग 40 साल पहले 1983 में हुए गुट निरपेक्ष देशों के संगठन और फिर राष्ट्रमंडल देशों के संगठन को पत्रकार के रुप में कवर करने और कई बार संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयॉर्क में होने वाली बैठकों में भारत के प्रधान मंत्रियों विदेश मंत्रियों को बोलते देखने तथा भारत की भूमिका पर लिखने के अवसर मिलते रहे हैं , इसलिए मेरा मानना है कि इस समय उन सभी संगठनों के मुकाबले जी -20 संगठन का पलड़ा बहुत भारी हो गया है। वहीं बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य में अब महाशक्ति और संपन्नतम कहे जाने वाले देशों से अधिक भारत का महत्व बढ़ गया है। अब जरा सोचिये गुट निरपेक्ष देशों के संगठन में 120 सदस्य देश हैं और राष्ट्रमण्डल देशों के संगठन में 56 सदस्य देश हैं और संयुक्त राष्ट्र संगठन में तो 193 सदस्य देश हैं , लेकिन क्या ये संगठन रुस - यूक्रेन युद्ध को रोक पाने या आतंकवाद को पोषित करने वाले पाकिस्तान - अफगानिस्तान को नियंत्रित कर पा रहे हैं ? यही नहीं अमेरिका - रुस - चीन - यूरोप और एशिया - अफ्रीका के साथ समान स्तर पर सम्बन्ध रखते हुए विश्व राजनीति , आर्थिक मामलों और मानवीय तथा पर्यावरण समस्याओं पर भारत के अलावा कोई अन्य देश अहम् भूमिका निभा सकता है ?




जी - 20 देशों के दिल्ली सम्मलेन को ऐतिहासिक और भव्य बनाए जाने पर कुछ विशेषज्ञों को आपत्ति हो रही है , क्योंकि इसकी अध्यक्षता हर सदस्य देश को मिलने की परम्परा है। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि इस समय हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका अहम् हो गई है। हम जैसे पत्रकार या विदेश मंत्रालय में रहे वरिष्ठ राजनयिक यह कैसे भूल सकते हैं कि 1983 में गुट निरपेक्ष देशों के राष्ट्र प्रमुखों और उनको सहयोगियों को ठहराने तक की व्यवस्था के प्रश्न पर अधिकारियों , नेताओं के हाथ पैर फूल गए थे। फिर सारे दावों के बावजूद सम्मलेन के सत्रों और निर्णयों पर पर्दे के पीछे सोवियत या अमेरिकी लॉबी सक्रिय रही। पराकाष्ठा यह थी कि छोटे से देश का प्रमुख किसी प्रतिद्वंदी को उससे पहले बोलने पर बहिष्कार कर वापस जाने की धमकी देता था । क्या आज कोई विकसित संपन्न देश भी भारत को ऐसी धमकी दे सकता है ? इसी तरह विश्व मंच पर अमेरिका , चीन , पाकिस्तान भारत के विरुद्ध अभियान चला रहे थे । आज अमेरिका हर मुद्दे पर भारत को आगे रखकर अपने लाभ देख रहा है । राष्ट्रमंडल देशों के संगठन में 1983 में ब्रिटिश प्रधान मंत्री मार्गरेट थेचर ही नहीं महारानी एलिजाबेथ राष्ट्रपति भवन में बैठकर अपने ढंग से कार्यक्रम करने का प्रयास कर रहीं थी । तब भारत सरकार के राजनयिकों को बहुत कठिनाई से दोनों पक्षों की इज्जत बचाने की कोशिश करनी पड़ी थी । क्या आज ब्रिटेन भारत को परेशान करने की स्थिति में है ? इसके विपरीत ब्रिटिश प्रधान मंत्री सुनक भारत और हिन्दू होने के गीत गाते दिख रहे हैं। चीन एक तरफ छेड़खानी करता रहता है , लेकिन सम्मेलनों में आर्थिक संबंधों के लिए भारत से जुड़े रहने की कोशिश कर रहा है। रुस , फ्रांस , जापान , जर्मनी हो या ईरान और संयुक्त अरब अमीरात भारत से संबंधों को अधिकाधिक मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं । इसलिए जी -20 के सम्मलेन से भारत के ताज की चमक दुनिया को दिखाई देने वाली है । जी 20 दुनिया की सबसे बड़ी 20 अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसका विश्व सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 80 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार में 75 प्रतिशत और विश्व जनसंख्या में 60 प्रतिशत योगदान है और यह समकालीन वैश्विक राजनीति में सबसे प्रमुख बहुपक्षीय समूहों में से एक बन गया है। जी 20 की अध्यक्षता भारत के लिए कई कारणों से मायने रखती है। पहला, एजेंडा-सेटिंग अंतरराष्ट्रीय राजनीति, विशेषकर बहुपक्षीय मंचों पर शक्ति और प्रभाव हासिल करने और बढ़ाने के लिए बड़ा अवसर । वैश्विक मंचों पर, भारत हमेशा ग्लोबल साउथ की आवाज़ बनने के लिए प्रचार और प्रयास करना चाहता था। भारत ग्लोबल साउथ के हितों और ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में नई दिल्ली की अपनी साख को आगे बढ़ाने के लिए अपनी त्र20 नेतृत्व भूमिका का उपयोग कर रहा है। विश्व के बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार करके उन्हें अधिक समावेशी और जिम्मेदार बनाना भारतीय विदेश नीति की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक है। जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सुधार, महामारी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव जैसे मुद्दों का सामना करते हुए, वैश्विक समुदाय प्रभावी और जवाबदेह बहुपक्षीय संस्थानों की तलाश कर रहा है जो क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसलिए, भारत ने 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए उपयुक्त सुधारित बहुपक्षवाद को अपनी प्राथमिकताओं में से एक के रूप में रखा। इससे वैश्विक राजनीति में भारत का कद और रुतबा बढ़ेगा। भारत का नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब वैश्विक स्तर पर उतार-चढ़ाव के दौर के साथ-साथ वैश्विक तनाव भी बढ़ रहा है। दुनिया को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें कोविड-19 के बाद आर्थिक सुधार, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और संघर्ष शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उम्मीद है कि भारत इन मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक सहमति बनाने और वैश्विक आम वस्तुओं के भविष्य के एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी तरह, दुनिया यह भी उम्मीद कर रही है कि भारत देशों के बीच बढ़ते विभाजन को पाटेगा, न केवल विकासशील और विकसित दुनिया बल्कि पश्चिम के बीच भी दरार, खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मंचों अथवा द्विपक्षीय वार्ताओं में भारत की स्थिति मजबूत की है। उनका यह दावा सही है कि जी -20 समूह की बैठक की मेजबानी करना भारत की आजादी के 75वें वर्ष में गौरव की बात होने के साथ देश लिए एक महान अवसर है। भारत में त्र-20 सम्मेलन का होना, पाकिस्तान जैसे देशों के लिए ये चिंता का विषय हो सकता है। गौरतलब है कि इसका आयोजन करने वाले देशों को ट्रोइका कहा जाता है, इसलिए उनके मुद्दों को अहम माना जाता है।

भारत इस बैठक के आयोजन के साथ ही, एक साफ्ट पावर के तौर पर अपनी पहचान बना रहा है। आने वाले समय में पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर ही टिकी हुई हैं। इस वक्त पूरी दुनिया, आर्थिक मंदी के मुहाने पर खड़ी है । कोविड के बाद वैश्विक व्यापार पर असर पड़ा है। गरीब देश और गरीब हुए हैं, वैश्विक असमानता बढ़ी हैं। इस वक्त पूरी दुनिया में महंगाई बहुत बड़े स्तर पर पहुंच गयी है। कई विकसित देश भी खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। ऐसे में सभी देश भारत की ओर, उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं । अनतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा । अगले साल जर्मनी, रूस और इटली जैसे मजबूत और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं कमजोर होती जाएगी । ब्रिटेन की विकास दर 0.3 प्रतिशत, अमेरिका की विकास दर केवल 1 प्रतिशत रहेगी । इस नाजुक दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी । दूसरी तरफ आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत अग्रणी है । भारत के रूस के साथ दोस्ताना संबंध हैं । यूक्रेन और उसके समर्थक पश्चिमी देशों के साथ भी भारत के संबंध अच्छे हैं. इस युद्ध के समाधान को लेकर पूरी दुनिया, भारत से पहल करने गुजारिश करती रही है । सबको मालूम है, कि इस युद्ध को अगर कोई देश रोक सकता है, या दोनों देशों में संधि करवा सकता है, तो वो केवल भारत है । भारत ने अभी तक इस युद्ध को लेकर तटस्थ रुख अपनाया हुआ है । हालांकि कई वैश्विक मंचों पर भारत ने युद्ध रोककर, शांतिपूर्ण हल निकालने की बात कही है । कोविड महामारी के दौरान भारत की वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति देखकर, दुनिया को अहसास हो गया, कि भारत विश्व पटल पर एक मददगार देश है । भारत ने महामारी काल में कोविड वैक्सीन पूरी दुनिया को सप्लाई की थी । गरीब देशों को भारत ने मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाई थी। कोविड काल में भारत ने दुनिया के 101 देशों को 23 करोड़ 90 लाख वैक्सीन डोज दी थी । दुनिया में बढ़ रही खाद्य असुरक्षा को लेकर भारत की पहल को दुनिया ने सराहा था । रूस और यूक्रेन, पूरी दुनिया में अनाज के बड़े सप्लायर हैं, लेकिन इन देशों के बीच चल रहे युद्ध की वजह से, कई देशों में खाद्य असुरक्षा की स्थिति बन गई थी । फिर रूस और यूक्रेन के बीच एक सहमति हुई, जिसके बाद अनाज की सप्लाई शुरू कर दी गई है। भारत की पहल से ही, रूस और यूक्रेन के बीच ये सहमति हुई थी. दुनिया पर आया खाद्य संकट, भारत की वजह से टल गया. पूरी दुनिया, वैश्विक मामलों में भारत की पहल की अहमियत समझ रही है । इस तरह जी - 20 देशों के सम्मेलन के अवसर पर भारत की राजनीतिक , कूटनीतिक , आर्थिक शक्ति का प्रभाव दुनिया को दिखेगा। वहीं सामरिक संबंधों , परमाणु ऊर्जा के उपयोग , अंतरिक्ष अनुसन्धान , चंद्रयान और सूर्य के रहस्य खोज के प्रयास , डिजिटल क्रांति से विकासशील देशों के साथ विकसित संपन्न देशों के साथ साझेदारी के रास्ते खुल सकेंगें । भारत की इस जयकार पर सरकार ही नहीं हर भारतीय को गौरव होना चाहिए ।

## निशाना

### जाना जन दरबार !



– कृष्णेन्द्र राय

हो रहा प्रयास अब ।<br>कौन किस पर भारी ?<br>अपने अपने ढ़ंग से ।<br>चल रही तैयारी ।।<br>आ रहा वो समय ।<br>जाना जन दरबार ।।<br>जी जान से हैं जुटे ।<br>दे रहे हैं धार ।।

लांछन और आरोप की।<br>बह रही बयार ।।<br>थोड़ा थोड़ा शुरू हुआ ।<br>देश पर उपकार ।।<br>बुद्धिजीवी फ्रंट पर ।<br>फ़र्ज़ है निभाना ।।<br>कदमताल अनवरत ।<br>बज रहा भी गाना ।।

## आज का इतिहास

- 1666 : इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये और आठ लोगों की मौत हुई।
- 1697 : ग्रैंड एलायंस के युद्ध में फ्रांसीसी युद्धपोत ने कनाडा के कारखाने मैनिटोबा में हडसन की बे कंपनी के व्यापारिक पद पर कब्जा किया।
- 1750 : पेडरबर्न प्रशिया में जारी डिक्री चोरी या संदिग्ध माल के लिए यहूदी घरों की वार्षिक खोज की अनुमति दिया।
- 1774 : फिलाडेल्फिया में पहली महाद्वीपीय कांग्रेस एकजुट हुई।
- 1774 : असहिष्णुता अधिनियमों को लागू करने वाली ब्रिटिश संसद के जवाब में, ब्रिटेन के उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में से बारह के प्रतिनिधियों ने कारपिलर्स हॉल इनफिलडेल्फिया में पहली महाद्वीपीय कांग्रेस की स्थापना की।

### शिक्षक दिवस : नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शाम 4 बजे होगा कार्यक्रम

# राष्ट्रपति आज नर्मदापुरम की शिक्षिका को करेंगे सम्मानित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

**जिले के हायरसेकंडरी स्कूल सांडिया में माध्यमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ सारिका घारू को इस साल राष्ट्रपति के कर कमलो से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त होने जा रहा है। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अपरान्ह 4 बजकर 15 मिनिट से आरंभ होने जा रहे कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया जायेगा।**



सारिका एक शिक्षक के साथ ही विज्ञान प्रसारक के रूप में अपने विद्यालय , ग्राम तथा जिले के साथ ही प्रदेश के अनेक स्थानों पर बच्चों, महिलाओं, जनजातीय वर्ग के बीच जागरूकता गतिविधियां करती आ रही है। अपने गीतों के माध्यम से अनेक समसामयिक वैज्ञानिक संदेशों को रोचक तरीके से पहुचाने के लिये सारिका ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।इस अवसर पर सारिका ने कहा कि सार्वजनिक सम्मान रहे किसी भी व्यक्ति को समाज में बेहतर योगदान के लिये प्रेरित करता है। इससे ऊर्जा मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है । यह किये गये परिश्रम को श्रेष्ठता के रूप मे स्थान देता है। निश्चित ही यह राष्ट्रीय सम्मान मुझे बच्चों और आम लोगों के लिये नवाचार एवं समर्पण को बढ़ाने मे मदद करेगा। सारिका को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बच्चों के बीच विज्ञान लोकप्रियकरण में विशेष प्रयासों के लिये 2017 के नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा मध्?यप्रदेश स्?कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2022 तथा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल द्वारा दिया जाने वाला राज्य स्तरीय- मध्यप्रदेश विज्ञान प्रतिभा सम्मान 2015 भी प्राप्त हो चुका है। आम निर्वाचन 2014 से निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप आईकॉन के लिये कार्य कर रही हैं। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जागरूकता गतिविधियों के लिये राज्य स्तरीय ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया था। सारिका को माधवराव सप्रे स्मृति संग्रहालय द्वारा महेश गुप्ता सृजन सम्मान ,राज्य महिला आयोग द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान तथा केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री माननीय नितिन गडकरी द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता के कार्यो के लिये नागपुर में सम्मानित किया जा चुका है।

## जोशी स्मारक सम्मान से अवस्थी पुरस्कृत



**सिवनी मालवा।** टैगोर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य दीपाली अवस्थी को विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी मध्य प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टैगोर स्कूल ,समिति के सभी सदस्यों ने पत्रकार प्रमोद पगार संस्थापक,रमेश के साहू अध्यक्ष,विनीत चौकसे सचिव, नितेश जैन कोषाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया एवं टैगोर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अवस्थी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर स्कूल परिवार वा शकुंतला देवी शिक्षा समिति डायरेक्टर प्रवीण अवस्थी उपस्थित थे।

## एमजीएम कॉलेज में स्वीप क्विज



**इटारसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा स्वीप अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित प्रचार-प्रसार और जागरूकता गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया है। उसी कड़ी में सोमवार को शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में प्राचार्य डॉ राकेश मेहता के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से सहभागिता की। निर्वाचन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान श्रद्धा मेहरा और शिवानी राजपूत ने प्राप्त किया। द्वितीय निकिता चौरे और आयशा खान और तृतीय स्थान पर अनीता बड़कुर और निशा बामने ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन गणित विभाग की एचओडी डॉ रश्मि तिवारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ओपी शर्मा द्वारा किया। संचालन डॉ मनीष कुमार ने किया। इस आयोजन में विशेष सहयोग डॉ. संतोष कुमार अहिरवार, डॉ. बस्सा सत्यनारायण, डॉ दिनेश कुमार ने किया। जिला निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रति दिवस महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जानी है। इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दस्तक अभियान में घर-घर चेकअप

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं उनके उपचार प्रबंधन के लिए जिले में दस्तक अभियान 18 जुलाई से सुचारू है।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा दस्तक अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य में अमले को अभियान के दौरान प्रत्येक बच्चे की स्क्रीनिंग किए जाने के निर्देश दिए है, सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया की दस्तक अभियान में दल एएनएम, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता द्वारा 1011 गांव में घर-घर जाकर 95643 बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई है। जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,39,480 बच्चे हैं जिनमें से 126292 बच्चों की पोर्टल में एंट्री हो गई है

# छोटी शिकायतों की भी हो रही है गंभीरता से सुनवाई

### मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त 39 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

नर्मदापुरम, दोपहर मेटो।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में युवाओं, किसानों ,महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित करने के साथ ही उनके लाभ से कोई भी पात्र वंचित ना रहे यह भी सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही प्रदेशवासियों की कठिनाइयों, समस्याओं को भी पूरी संवेदनशीलता से दूर करने में लगे हुए हैं। नागरिकों की समस्याओं को लेकर उनकी असाधारण संवेदनशीलता इस बात से ही स्पष्ट हो रही है कि नागरिकों की छोटी से छोटी शिकायतों को भी पूरी गंभीरता से लिया जा रहा हैं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं अधिकारियों से उतनी ही संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ शिकायतों का समाधान करने की अपेक्षा भी करते हैं।

नर्मदापुरम जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान को जो समस्याएं, शिकायतें भेजी जाती हैं। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं। विगत दिवसों में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नर्मदापुरम जिले की 39 शिकायतों को निराकरण के लिए भेजा गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा उतनी ही संवेदनशीलता गंभीरता के साथ तत्परतापूर्वक सभी 39 शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर उक्त शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा उनकी समस्या का संतुष्टि पूर्वक समाधान भी किया गया। इसके लिए अनेक आवेदन कर्ताओं ने जल्द समस्या के समाधान के लिए और अधिकारियों द्वारा उनसे व्यक्तिगत संपर्क कर शिकायतों का त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया है।जिले के हितग्राहियों की राशन, बिजली, पेयजल, स्वच्छता, अन्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित 39 से अधिक शिकायतों के आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों का निराकरण किया। आवेदनकर्ताओं में अमदेह माल, श्रीमती गिरधारी बाई पुर्विया, लक्ष्मी नारायण चंदेल , अशोक कुमार पटेल अनेक आवेदन कर्ताओं ने कहा कि आवेदन के तुरंत बाद ही अधिकारियों ने हमसे संपर्क कर हमारी समस्या का समाधान कर दिया है। संतुष्टि पूर्वक समाधान पर सभी ने धन्यवाद दिया है।

**मेट्रो एंकर** लघु वनोपज समिति लोखर तलाई में क्रियान्वयन

# चरण पादुका योजना से 24 तेंदूपत्ता फड़ के 3773 महिला पुरुष हुए लाभान्वित

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना वर्ष 2023 के अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज समिति लोखर तलाई के 24 तेंदूपत्ता फड के 1833 महिला पुरुष तेंदूपत्ता संग्रहको के द्वारा वर्ष 2022 में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया गया था। उनको ग्राम लोखरतलाई वन चौकी प्रांगण मे 1830 जोड़ी चप्पल 1800 जोड़ी जूते 1833 पानी की बोतल 2759 साड़ी का वितरण किया गया। छाते के लिए 200 रूपए प्रत्येक व्यक्ति को उनके खाते में राशि जमा की जाएगी




वही वन परिक्षेत्र बानापुरा के अंतर्गत ग्राम नंदरवाड़ा में भी एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक लघुवनोपज समिति नंदरवाड़ा के 25 ग्रामों के 1940 महिला/पुरूष तेन्दुपत्ता संग्राहकों जिनके द्वारा वर्ष 2022 में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया गया है। उनको ग्राम नंदरवाड़ा में विधायक प्रेम शंकर वर्मा,प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संतोष पारीक,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मृगेंद्र सिंह मंडलोई,भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवीर सिंह राजपूत,नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन,किसान नेता यशवंत पटेल,डॉ विकास सिंह बघेल, सरपंच श्रीमती शिखा गुप्ता सरपंच, उमाशंकर कुशवाहा सरपंच, के द्वारा 1940 जोड़ी जुते, 1940 जोड़ी चप्पल, 3011 साड़ी, 1940 पानी बोतल सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में अपर वनमंडल अधिकारी के0एस0 सेंगर, सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र अधिकारी जी0एस0 पंवार, वन परिक्षेत्र अधिकारी सिवनी मालवा वंदना महतो, राजेन्द्र प्रसाद परते उपवनक्षेत्रपाल, डिप्टी रेंजर बी,एल,अहिरवार, रामू पहाडे, साहित वन विभाग का पूरा स्टाफ उपस्थित था।

■ इम्पेक्ट फीचर

### प्रधानमंत्री की सोच

## विमान से बुजुर्गों की तीर्थयात्रा लगातार जारी रहेगी



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि कहा था कि हमारी सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है, जिससे हवाई चप्पल पहने वाले भी हवाई यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में विमान से तीर्थ-यात्रा की व्यवस्था करना प्रधानमंत्री मोदी की सोच को साकार करने का प्रयास है। यह यात्राएँ लगातार जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि योजना में अब तक 7 लाख 82 हजार बुजुर्ग रेल से तीर्थ-यात्रा कर चुके हैं। विमान से तीर्थ-यात्राओं का क्रम निरंतर जारी रहेगा। प्रयागराज के साथ ही मथुरा-वृंदावन, गंगासागर समेत अन्य पावन स्थलों की यात्रा विमान से कराई जाएगी। साथ ही प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विकास और कल्याण के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### शिवराज सरकार का बुजुर्गों को देशभर के धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने का सपना हुआ साकार

# हवाई जहाज से तीर्थदर्शन कराने वाला देश का हृदयप्रदेश पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जो मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत राज्य के बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा करा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 मई को वायुयान से तीर्थ-दर्शन के प्रथम चरण में प्रयागराज के लिए तीर्थ यात्रियों के विमान को हरी झण्डी दिखाई। इसमें 24 पुरुष और 8 महिलाएँ प्रयागराज दर्शन के लिए रवाना हुए। तीर्थ- यात्रियों के साथ एक अनुरक्षक भी था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को रेल मार्ग से यात्रा कराने वाला पहला राज्य भी मध्यप्रदेश रहा है। अब मुख्यमंत्री चौहान प्रदेश के बुजुर्गों को वायुयान से देश में पहली बार तीर्थ-दर्शन करा रहे हैं। योजना में प्रदेश के 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, लाभान्वित हो रहे हैं। हवाई मार्ग से तीर्थ-दर्शन करने वाले यात्री अपने साथ अधिकतम 15 किलोग्राम का एक चेक इन बैग और 7 किलोग्राम वजन वाला हैंड बैग ले जा सकते हैं। तीर्थ यात्रियों की सहायता के लिए भोपाल एयरपोर्ट पर एक काउंटर भी स्थापित किया गया। रेल मार्ग से तीर्थ यात्रियों को तीर्थ-दर्शन करने में 4 से 5 दिन का समय लगता था। जबकि प्रयागराज तीर्थ जाने वाले यात्री सुबह जाकर शाम को भोपाल लौट आए। बुजुर्गों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाने से 24 से 36 घण्टे में यात्रा पूर्ण हो जाना बुजुर्गों के लिए सुविधाजनक हो गया है।




### गरीब किसान हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा की सोच भी नहीं सकता

बैरसिया के हरांखेड़ा ग्राम के किसान और तीर्थ यात्री उमेश सिंह नागर भी भाव-विभोर हैं। वे कहते हैं कि मेरे जैसा साधारण किसान यह सोच भी नहीं सकता था कि कभी हवाई जहाज में बैठकर तीर्थ-यात्रा करने जाऊंगा। जब जनपद कार्यालय से फोन आया कि आपको हवाई जहाज से प्रयागराज की तीर्थ-यात्रा कराई जाएगी तो पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ। यह एक अविश्वसनीय सुनहरे सपने जैसा था। कभी सोचा नहीं था कि सरकार हवाई यात्रा करवाएगी। वैसे मेरे तीन बेटे और एक बेटी हैं, सब अपने पैरों पर खड़े हैं और आर्थिक रूप से भी अच्छे हैं, पर हमारी हैसियत नहीं है कि हवाई जहाज में बैठ सकें। सरकार ने 5 वर्ष पहले ओडिशा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जगन्नाथपुरी की यात्रा रेल से करवाई थी। अब प्रयागराज हवाई जहाज से जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके पूरे परिवार को दिल से आशीर्वाद देता हूं, साथ ही धन्यवाद भी।

### 72 वर्षीय मां बोलीं- शिवराज भाई बेटे की भूमिका

बैरागढ़ वार्ड क्रमांक-2 की निवासी 72 वर्षीय सिया कुमारी शर्मा बताती हैं कि उनका कोई बच्चा नहीं है। वे सपने में भी सोच नहीं सकती थीं कि वे हवाई जहाज से यात्रा करेंगी और वह भी प्रयागराज की। जब पार्षद कुसुम चतुर्वेदी ने उन्हें इसकी जानकारी दी और फॉर्म भरवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने 3 वर्ष पहले मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में तिरुपति बालाजी की यात्रा भी की है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि मेरा कोई बच्चा नहीं है, तो क्या मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेरे बेटे की भूमिका निभा रहे हैं।

### बुजुर्ग बोले- जीवन का एक अविस्मरणीय है क्षण

हिनौती सड़क बैरसिया के 71 वर्षीय मांगीलाल नागर, दिल्लोद बैरसिया के 72 वर्षीय नरेश भार्गव और गोंदर मऊ की 67 वर्षीय राजल बाई समेत कई वरिष्ठजन बताते हैं कि वे आज अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित हैं। वे पहली बार हवाई जहाज में जा रहे हैं और वह भी प्रयागराज की तीर्थ-यात्रा पर । यह जीवन का एक सुखद और अविस्मरणीय क्षण है। सभी इसके लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान और राज्य सरकार को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद देते हैं।

### श्रवण कुमार के बाद शिवराज ही हैं जो करवा रहे तीर्थ यात्रा



बैरसिया के ग्राम रोजिया के 78 वर्षीय टीकाराम सेन कहते हैं कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वे हवाई यात्रा करके ईश्वर दर्शन को जाएंगे। ये सपना पूरा हो गया और क्या चाहिए। आज तक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं बना जो गरीबों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा करवाए। त्रेता युग में श्रवण कुमार ने अपने माँ-बाप को कंधे पर बिठा कर तीर्थ- यात्रा करवाई थी और आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। उनको बहुत-बहुत धन्यवाद और आशीर्वाद।



### मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरूआत वर्ष 2012 से हुई तब से अब तक

# 7,82,000 बुजुर्गों कर चुके हैं तीर्थ दर्शन यात्रा

देश के सभी प्रदेशों में स्थित 17 धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वृद्धजनों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू कर उनके हृदय में भी स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2012 में प्रदेश के गरीब वरिष्ठजनों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना शुरू की। तीर्थ-दर्शन की पहली विशेष ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन से 3 सितम्बर को रामेश्वरम के लिए रवाना हुई थी अब तक 7 लाख 82 हजार बुजुर्ग तीर्थ-यात्रा कर चुके हैं।

प्रदेश के 60 साल से अधिक आयु के मूल निवासी जो आयकरदाता नहीं हैं, इस यात्रा के लिए पात्र हैं। योजना के तहत देश के 17 तीर्थ स्थानों का चयन किया गया जिनमें उत्तराखंड के श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ और हरिद्वार। ओडिशा में श्री जगन्नाथ पुरी, गुजरात में श्री द्वारकापुरी, जम्मू एवं कश्मीर के अमरनाथ और वैष्णो देवी, महाराष्ट्र में शिर्डी, आंध्र प्रदेश के तिरुपति, राजस्थान में अजमेर शरीफ, उत्तर प्रदेश का काशी, बिहार का गया, पंजाब का अमृतसर, तमिलनाडु के रामेश्वरम और वेलांगणी चर्च, नागापट्टनम झारखंड का सम्मेद शिखर और कर्नाटक का श्रवण बेलगोला है।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा देशभर के 17 धार्मिक स्थलों के लिए

मेले व तीर्थ स्थल- मेले एवं तीर्थ स्थल भारतीय संस्कृति धार्मिक और समाज के मिलन स्थल हैं। मेले एवं तीर्थ स्थल प्रकृति के प्रभाव को गति एवं जीवंतता का भाव प्रदान करते हैं। राज्य में मेलों को सुव्यवस्थित करने व सहयोग देने के लिए राज्य सरकार द्वारा मेलों एवं तीर्थ स्थानों के लिए तीर्थ एवं मेला विकास प्राधिकरण गठित किया गया। प्राधिकरण को इस तरह के आयोजनों का जिम्मा दिया गया है।

### सभी धर्मों की धार्मिक यात्राओं में दी सहायता

राज्य के मुखिया जिस प्रकार अपने प्रदेश की जनता के विनम्र सेवक हैं, उतनी ही सहजता से प्रदेश के बुजुर्गों के लिए पुत्रवत भावना से कार्य कर रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने धार्मिक समभाव को बनाए रखने के सार्थक प्रयास किए हैं। जहां हज यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं तो प्रसिद्ध हिन्दू धर्म स्थल मानसरोवर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के किराए की आधी रकम सरकार वहन कर रही है। इसी तरह गुरुनानक जी के जन्म स्थल ननकाना साहब की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों का भी आधा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इसी तरह की व्यवस्था पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में लारी तहसील स्थित हिंगलाज माता के पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भी की गई।



### यमुना, प्रयागराज में पवित्र गंगा और सरस्वती के पवित्र संगम पर स्नान और देव दर्शन कर लौटे बुजुर्ग

# अद्वितीय, अविस्मरणीय और आनंदमयी वरिष्ठजनों की तीर्थदर्शन यात्रा

, ▯▯▯ में पहली बार विमान से तीर्थ यात्रा करने वाले मध्य प्रदेश के बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों ने तीर्थराज प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) की यात्रा से लौटने के बाद अपनी खुशी और अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आम गरीब बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीरथ करवा कर बता दिया है कि वे आधुनिक काल के श्रवण कुमार है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सभी के लिए अद्वितीय, अविस्मरणीय और अनंदमयी रही है। यात्रा से लौटे वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री चौहान को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह जुग जुग जिएं पर हमेशा गादीपति मुख्यमंत्री रहें। प्रयागराज में पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान और देव दर्शन कर राजा भोज विमानतल भोपाल लौटे सभी 32 तीर्थ यात्रियों के ललाट की आभा उनके आत्मिक संतोष को दिखा रही थी। तीर्थ यात्रियों के परिजन भी प्रसन्न नजर आए।

### सपनों को सच कर दिया प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान ने

तीर्थ यात्रा से लौटे जाटरखेड़ी निवासी प्रेम नारायण पटेल ने भावुक होकर कहा कि सब कुछ कल्पना से परे रहा। हवाई जहाज को आसमान में उड़ते हुए देखा करते थे। कभी सोचा नहीं था कि उसमें बैठने को मिलेगा, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे हमारे लिए संभव कर दिखाया। हमें सबसे बड़े तीर्थ प्रयागराज की यात्रा हवाई जहाज से करवा दी। मैंने 75 साल की उम्र में छला ऐसा मुख्यमंत्री देखा, जिसने गरीबों की ऐसी सेवा की। हमारा आशीर्वाद है कि यह आजन्म मुख्यमंत्री बने रहें ।

### त्रिवेणी संगम का सपना पूरा हो सका तीर्थदर्शन यात्रा से

कैलाश नगर को सिया कुमारी शर्मा ने कहा कि, मुख्यमंत्री को खूब खूब आशीर्वाद। उनके कारण त्रिवेणी संगम में स्नान का सपना पूरा हो सका । हमने जीवन में पहली बार हवाई जहाज की यात्रा की। होटल में वीआईपी ट्रीटमेंट मिला। कम समय में बगैर कष्ट के इतनी बढ़िया तीर्थ-यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री चौहान का आभार ।



### अनमोल हैं तीर्थ यात्रा के पल

यह पल बहुत अनमोल हैं। स्मृतियों में यह चिर स्थायी हो गए हैं। फंदा के मिट्ठू लाल मेवाड़ा ने कहा कि कभी सोचा भी नहीं था कि हमारे भाग्य में तीर्थ यात्रा का सौभाग्य भी है। मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद ।

### शिवराज ने बच्चों से बुजुर्गों तक सेवा की

बरखेड़ा पठानी की निवासी शकुंतलाबाई ने प्रसन्नता से कहा कि शिवराज जुग जुग जिए, यशस्वी बनें और हमेशा राज करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बच्चों से लेकर बुजुओं तक की खूब सेवा की है। सबका ध्यान रख कर जीवन को आसान बनाने के लिए योजनाएँ बनाई हैं।

### यात्रा हमेशा चालू रहे

चांदबड़ के रहवासी राम प्रसाद चांदौरिया ने बताया कि इससे पहले किसी भी सरकार ने ऐसी यात्रा के लिए योजना नहीं बनाई। यही कामना है कि मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन यात्रा हमेशा इसी तरह से चलती रहे, कभी बंद ना की जाए। इससे हमारे जो बंधु-बांधव और नगर- शहर के लोग हैं, वह भी यात्रा कर सकेंगे।

D16227/23

■ इम्पेक्ट फीचर

## मेट्रो ट्रेन का बेसब्री से इंतजार... भोपाल में 72% और इंदौर में 79% सिविल कार्य हुआ पूर्ण

# सितंबर में होगा ट्रायल, ट्रैक पर तेजी से बिछ रहीं पटरियां

**भोपाल और इंदौर मैट्रो रेल परियोजनाओं को साकार करने के लिए भारत सरकार एवं हार का अथक प्रयास निरंतर जारी है। पहले चरण के अंत में 30.95 किमी एम्स से करोद चौराहा तथा भदभदा चौराहा से रत्नागिरी चौराहा, इंदौर इंदोर में लगभग 31.5 किमी बंगाली चौराहा, भवरसला, एयरपोर्ट और बंगाली चौराहा दौड़ेगी। निर्माण कार्य रो तेजी से जारी है। इसकी लागत लगभग 14000 करोड़ रुपए आएगी। श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नवंबर 2021 में भोपाल तथा दिसम्बर 2021 में इस निर्माण की नीव रखी गई। इसके बाद सभी कार्य गति से चल रहे हैं। इस वर्ष बजट सत्र में 710 करोड़ रुपए मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए राज्य की ओर से करने की घोषणा की है, साथ केंद्र सरकार की तरफ से दी जाने वाली राशि भी प्राप्त हो जाएगी।**







### प्रोजेक्ट पर एक नजर..

### प्रोजेक्ट की प्रायोरिटी कॉरिडोर का संचालन

भोपाल एवं इंदौर योजना की प्राथमिकता पहले चरण में प्रायोरिटी कोरिडोर के संचालन की है। इसके लिए सभी कार्य तेजी से चल रहे हैं और इसी वर्ष सितंबर माह में ट्रायल रन प्रस्तावित है। निर्माण कार्यों की प्रगति का विवरण इस प्रकार है-

### 5 किमी पर निर्माण कार्य चल रहा तेज

- भोपाल में 5 स्टेशन सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक लगभग 5 किलोमीटर पर निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।
- इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 03 तक लगभग 6.3 किलोमीटर पर निर्माण कार्य चल रहे हैं।
- दोनों जगह पर वाया डक्ट और स्टेशन के सिविल स्ट्रक्चर्स के कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर हैं। अब तक प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल में लगभग 72फीसदी तथा इंदौर में लगभग 78.29 फीसदी सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ट्रेन संचालन के लिए अन्य महत्वपूर्ण सिविल और सिस्टम कार्यों को जल्द पूरा किया जा रहा है।

### ऐलिवेटेड पुल का 94% कार्य पूर्ण

- भोपाल स्थित ऐलिवेटेड पुल (वायडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण जिसकी लम्बाई 6.225 कि.मी. एम्स से सुभाष नगर का कार्य किया जा रहा है और अब तक लगभग 94 फीसदी कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। इंदौर स्थित एलिवेटेड पुल (वायडक्ट) के डिज़ाइन तथा निर्माण जिसकी लम्बाई 17.2 किमी मालवीय नगर चौराहा से गांधीनगर स्टेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रायोरिटी कोरिडोर के वायडक्ट एवं स्टेशन लगभग 6.3 किमी में अब तक लगभग 78.29 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

### बिजली आपूर्ति, डिपो, ट्रैक का काम चल रहा

- भोपाल तथा इंदौर में पटरी की सप्लाई जिंदल स्टील द्वारा की जा रही है। अब तक भोपाल में 2098 मीट्रिक टन पटरी एवं इंदौर में 2700 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाई हो चुकी है।
- पटरी बिछाने का कार्य एल एंड टी कंपनी द्वारा भोपाल में और टैक्समेको आईएससी द्वारा इंदौर में किया जा रहा है वायाडक्ट में बलास्ट लैस ट्रैक / पटरी बिछाने का कार्य भोपाल में लगभग 4.5 किलोमीटर और इंदौर में लगभग 5.5 किलोमीटर पूरा कर लिया गया है। और शेष कार्य प्रगति पर है एवं जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।
- भोपाल और इंदौर डिपो में प्रायोरिटी बलास्टेड ट्रैक का कार्य तेजी से जारी है। इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा।
- ट्रैक की प्रगति के साथ साथ ही ट्रेन के ट्रैक्शन पावर के लिए 750 वोल्ट डीसी थर्ड रेल सिस्टम का कार्य भी संपन्न होता जा रहा है। विद्युत आपूर्ति के लिए रिसिविंग सब-स्टेशन पर मुख्य पावर ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ग्रिड सब स्टेशन से मेट्रो के रिसिविंग सब स्टेशन तक विद्युत आपूर्ति लाइन डाल दी गई है। बिजली की आपूर्ति के लिए प्रदेश के विद्युत वितरण विभाग से अनुबंध कर लिया गया है।

### भोपाल में 3 डिब्बों की 27 ट्रेन तथा इंदौर में 3 डिब्बों की 25 ट्रेन प्रस्तावित

## दो-तीन साल बाद बिना ड्रायवर के दौड़ेगी मेट्रो




इसी साल 13 मार्च को अल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया के वडोदरा, गुजरात (सावली संयंत्र यूनिट) में मध्य प्रदेश मेट्रो के रोलिंग स्टॉक के निर्माण कार्य को माननीय मंत्री नगरीय प्रशासन भूपेन्द्र सिंह जी द्वारा हरी झंडी दिखाई गई थी। 31 अगस्त तक 3-3 कोच की 1-1 ट्रेन इंदौर एवं भोपाल में आ जाने की संभावना है। जिसकी विशेषताएं इस प्रकार हैं-

- भोपाल में 81 कार (डिब्बे) यानी 3 कारों की 27 ट्रेन तथा इंदौर में 75 कार ( डिब्बे ) यानी 3 कारों की 25 ट्रेन का निर्माण प्रस्तावित है। मेट्रो कार की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। दो ट्रेनों के बीच न्यूनतम समय 90 सेकंड का होगा तथा संचालन की गति 90 किमी प्रति घंटा डिजाइन पर प्रस्तावित है।
- बिजली की आपूर्ति के लिए 750 वोल्ट डीसी पर आधारित होगी।
- भोपाल एवं इंदौर मेट्रो अत्याधुनिक सिग्नलिंग तकनीक Go-4 ( ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन - 4) - अन अटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन मोड (ड्राइवरलैस ) पर आधारित होगी।
- शुरुआत में भोपाल एवं इंदौर मेट्रो ड्राइवर / ट्रेन ऑपरेटर के द्वारा चलाई जाएगी तथा भविष्य में (2-3 वर्ष उपरांत) अन अटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन मोड में बिना ड्राइवर / ऑपरेटर के संचालन होगा । भारत में अभी केवल दिल्ली मेट्रो में इस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अन्य मेट्रो जैसे मुंबई, बैंगलुरु, सूरत इत्यादि में आगे आने वाले वर्षों में इस आधुनिक तकनीक से गाड़ी चलाई जाएंगी।
- अत्याधुनिक टेलीकम्यूनिकेशन (दूरसंचार) सिस्टम के अंतर्गत इमरजेंसी हेल्प पॉइंट सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम, वॉयस रिकॉर्डिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की सुविधा होगी।
- भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए रोलिंग स्टॉक कारों के व्यापक रखरखाव 15 साल तथा सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण और दूरसंचार प्रणालियों के लिए 7 साल तक व्यापक रखरखाव भी शामिल है।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस

भोपाल तथा इंदौर मे मेट्रो डिपो / वर्कशॉप के कार्य भी तेज गति से चल रहे हैं। भोपाल एवं इंदौर डिपो लगभग 30 हेक्टेयर में फैला हुआ है। भोपाल तथा इंदौर डिपो अत्याधुनिक तकनीको से लैस होगा। जिसकी विशेषताएँ इस प्रकार हैं :-



- इन्स्पेक्शन बे
- लोडिंग एवं अनलोडिंग बे
- टेस्ट ट्रैक
- शंटिंग ट्रैक्स
- ऑपरेशन कंट्रोल रूम
- रिपेयर एवं मेंटेनेंस बे
- ऑटोमैटिक कार वाश
- प्लांट

**- भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर स्टेशन के बीच होगा मेट्रो का ट्रायल -**

**ट्रायल रन के दौरान आम लोगों के अवलोकन के लिए मेट्रो मॉक अप (मेट्रो कोच) को मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने स्मार्ट पार्क में स्थापित किया।**

### अत्याधुनिक सिस्टम से लैस

### ट्रेन के संचालन के लिए सभी आवश्यक कंट्रोलिंग सिस्टम

- **GOA-2 (ऑटोमेशन-2 का ग्रेड):** GOA-2 ऑपरेशन में ट्रेन ड्राइवर द्वारा लीडिंग DMC कार के ड्राइवर कैब में चलाई जाती है। इसमें ट्रेन को चलाने के लिए आवश्यक सभी कंट्रोलिंग सिस्टम होंगे।
- **GOA-4 (स्वचालन का ग्रेड -4) :** यह प्रणाली रेलवे स्वचालन की सबसे उन्नत प्रणाली है, जिसमें ट्रेन बिना ड्राइवर के चलती है। इसे अन अटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (UTO) भी कहा जाता है। किसी भी प्रकार के मुद्दों में भाग लेने के लिए प्रारंभ में भाग लिया जाएगा।
- **थ्रूपुट:** सीबीटीसी ट्रेनों के बीच कम हेडवे प्रदान करता है। इस प्रकार नेटवर्क क्षमता और थ्रूपुट को अधिकतम करता है। हेडवे को लाइन पर किसी भी बिंदु पर क्रमिक ट्रेनों के बीच न्यूनतम समय अंतराल के रूप में परिभाषित किया जाता है, ताकि आगे की ट्रेनों की गति आगे किसी अन्य सर्विस ट्रेन की उपस्थिति से कम न हो ।
- **मूविंग ब्लॉक तकनीक :** सीबीटीसी तकनीक पर आधारित मूविंग ब्लॉक पद्धति का उपयोग किया जाएगा, जो लगातार दो ट्रेनों के बीच सुरक्षा दूरी को कम करने में सक्षम बनाता है।
- **पूर्वानुमानित अनुरक्षण:** परिचालन घंटों के दौरान कम अनुरक्षण प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए सिग्नलिंग प्रणाली के विभिन्न उप-प्रणालियों के स्वास्थ्य मापदंडों की चौबीसों घंटे निगरानी ।
- **समय सारिणी विनियमन मोड:** एटीआर उपप्रणाली ट्रेनों के समय सारिणी अनुक्रम को बनाए रखेगी। यह समय सारिणी के संबंध में समग्र देरी को कम करने के लिए ट्रेनों को विनियमित करेगा। ट्रेन के प्रदर्शन को अनुकूलित करेगा, हेडवे विनियमन और अनुसूची करेगा।
- **कोचों की स्वतः धुलाई :** परिचालन घंटों के बाद डिपो पर लौटने वाली ट्रेनों को समय सारिणी के अनुसार स्वचालित रूप से वॉश प्लांट में भेज दिया जाएगा। ट्रेन के डिब्बों को साफ किया जाएगा और डिपो में स्वचालित रूप से स्टेबलिंग बे लाइन (एसबीएल) तक रूट किया जाएगा।
- **ऑटो स्लीप एंड वेक-अप:** समय सारिणी के अनुसार, राजस्व सेवा के बाद ट्रेनें डिपो में एसबीएल क्षेत्र में वापस आ जाएंगी और यह स्वचालित रूप से स्लीप मोड में प्रवेश कर जाएगी। एटीसी ट्रेनों की निगरानी करता रहेगा और परिचालन या रखरखाव कर्मचारियों की भागीदारी के बिना शेड्यूल के अनुसार ट्रेनें स्वचालित रूप से सुबह उठ जाएंगी।
- **केंद्रीकृत साइबर सुरक्षा प्रणाली:** सीबीटीसी प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए केंद्रीकृत साइबर सुरक्षा प्रणाली तैनात की जाएगी। सिग्नलिंग सिस्टम को अगली पीढ़ी के खतरे का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है।



## इस माह रूट का सिविल वर्क हो जाएगा पूरा

शहर में मेट्रो के ट्रायल को लेकर चल रही तैयारियां अंतिम चरण पर है। 22 अगस्त को बड़ोदरा के सावल से पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर के लिए रवाना होगी और ठीक एक सप्ताह बाद भोपाल में चलने वाली मेट्रो को डिस्पेच किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक 8 सितंबर तक मेट्रो भोपाल पहुंच जाएगी, जिसके बाद इसे अनलोडिंग बे पर अनलोड कर ट्रायल के लिए तैयार किया जाएगा। मेट्रो के अधिकारियों के अनुसार भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर स्टेशन के बीच मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा। 4.2 किमी लंबे इस रूट पर दोनों ओर मेट्रो को चलाया जाएगा। एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने सितंबर माह में मेट्रो के ट्रायल की तैयारी भी पूरी कर ली है।

### ट्रायल रूट पर 95 फीसदी सिविल वर्क पूरा

वर्तमान में ट्रायल रूट पर सिविल वर्क 95 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। जबकि स्टेशनों के अंदर का सिविल वर्क 100 फीसदी पूरा हो चुका है। ट्रायल से पूर्व ट्रायल स्टेशनों के अंदर लिफ्ट लगाने और बिजली से संबंधित कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। अंदर से सिविल वर्क पूरा हो चुका है। इस माह सिविल वर्क और रूट का सिविल वर्क और पटरी बिछाने का काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

### आम लोग कर सकेंगे मेट्रो के डिब्बे का निरीक्षण

ट्रायल रन के दौरान आम लोग भी भोपाल मेट्रो को पास से देख पाएं इसके लिए मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने स्मार्ट पार्क में आम लोगों के अवलोकन के लिए मेट्रो मॉक अप (मेट्रो कोच) को स्थापित किया है। कोच को आम लोगों के अवलोकन के लिए एक जगह पर व्यवस्थित करने का काम पूरा कर लिया गया है। साथ ही अंदर की ओर इलेक्ट्रिक वर्क भी पूरा कर लिया गया है, जिससे आम लोग डिब्बे में पहुंचकर टीवी, अलार्म, इलेक्ट्रिक कनेक्शन सहित अन्य चीजों का अवलोकन कर सकेंगे।

### अमृत योजना में प्रदेश पांचवें स्थान पर, जीवन बेहतर बनाने हो रहे सार्थक प्रयास

## मध्यप्रदेश को नगरीय विकास और गवर्नेंस के लिए मिले हैं 3 स्कॉच अवॉर्ड



मध्य प्रदेश ने देशभर के नगरीय मन और यूनियन टेरिटरी में अपनी अलग पहचान बना ली है। प्रदेश को इस नगरीय विकास और गवर्नेंस के लिए 3 स्कॉच अवॉर्ड मिले हैं। शी लाउंज महिला सुविधा गृह बनाने के लिए सागर स्मार्ट सिटी, धर्मपुरी सीवेज परियोजना के बेहतर प्रबंधन के लिए मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में उल्लेखनीय कार्य के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग को सिल्वर स्कॉच अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी एशियन डेवलपमेंट बैंक, विश्व बैंक और जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना पर कार्य कर रही है। विश्व बैंक की सहायता से 3 निकायों में, एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से 131 निकायों में और अमृत की सहायता से एक निकाय में मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी जल प्रदाय परियोजना को लेकर कार्य कर रही है। इस तरह प्रदेश के कुल 135 निकायों में मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश के 30 निकायों में नल से स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है। अगले 3 महीनों में प्रदेश के 20 निकायों में भी परियोजना पूर्ण कर जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया जाएगा। नल जल के उचित निस्तारण के लिए मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी 28 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य कर रही है। इनमें से नर्मदा नदी के किनारे बसे बुधनी और धर्मपुरी में सीवरेज परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। धर्मपुरी सीवरेज परियोजना को उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से भी नवाजा गया है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा शहरी अधोसंरचना योजना में मिनी स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 13 नगरीय निकाय को मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में भी विकसित किया गया है।

D16227/23



# वाल्मीकि समाज ने निकाली छड़ी यात्रा, स्वागत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को वाल्मीकि समाज जनों के द्वारा कस्टम पथ स्थित वाल्मीकि समाज के मंदिर पर विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद दोपहर 2:00 बजे के बाद छड़ी यात्रा का आयोजन किया गया। जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुई यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाजसेवी संगठनों के साथ भारतीय जनता पार्टी ,कांग्रेस पार्टी के अलावा अन्य दलों के नेताओं ने भी फूल बरसा कर स्वागत किया गया। विधानसभा चुनाव नजदीक है उसकी झलक चल समारोह जुलूस में हमेशा देखने को मिल रही है। वहीं समाज के कई युवा शानदार रूप से छड़ी चला कर उसका प्रदर्शन करते हुए दिखाई देते हुए नजर आए । इनकी कला को देखकर लोग दांतों तले तले उंगली दबाते भी दिखाई दे रहे थे । वहीं छड़ियों को मनमोहन तरीके से सजाया गया था । बड़े ही धूमधाम के साथ समाज जनों ने चल समारोह निकाला गया। समापन पर प्रसादी का वितरण भी किया गया । बड़ी संख्या में आसपास से भी बाल्मिक समाजजन शामिल हुए।

# बासौदा में दिव्यांगों ने ली मतदान करने की शपथ



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

बासौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरेठ में आज दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकगण भी मौजूद रहें।

ग्राम पंचायत बरेठ के भवन में शिविर शुभारंभ होने से पहले मौजूद दिव्यांगजनों को मतदाता जागरूकता की निहित बिन्दुओं से भलीभांति अवगत कराने के उद्धेश्य से मेडीकल बोर्ड के सदस्यों द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई है।

### मदन मोहन सरकार मंदिर परिसर में नहीं हो पाया निर्माण कार्य प्रारंभ

# भूमि पूजन के तीन महीने बाद भी मंदिर में नहीं लगाए पेवर ब्लॉक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**टेंडर लेने के बाद अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है। इसकी वजह से कई निर्माण कार्य स्वीकृत बा भूमि पूजन के बाद भी धरातल पर मूर्त रूप लेते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसा करने वाले ठेकेदारों पर नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों को समय रहते ठोस कार्रवाई करनी होगी, तभी निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। नहीं तो इसी तरह की स्थिति शहर में बनती रहेगी। इसकी सजा नगर के लोगों को भुगतनी पड़ेगी।**



लगभग 3 महीने पहले क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर के अति प्राचीन श्री मदन मोहन सरकार के दरबार में पहुंचकर मंदिर के परिसर में जो पेपर ब्लॉक लगे हुए हैं । उनकी जगह पर कंक्रीट आदि निर्माण कार्य करवाने की आधारशिला रखते हुए अपनी निधि से राशि भी उपलब्ध कराने की बात कही थी पर भूमि पूजन हुए 3 महीने का समय बीत चुका है। यहां के परिसर का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ।जबकि नगर पालिका परिषद के द्वारा प्राथमिकता से यहां पर निर्माण कार्य करवाने के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार के द्वारा यहां पर निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है। यहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण सरकार के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं प्रतिदिन यहां पर धार्मिक आयोजन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं ।इसकी जानकारी होने के बाद भी यहां पर निर्माण कार्य को प्राथमिकता से क्यों नहीं करवाया जा रहा है। पेपर ब्लॉक में जगह-जगह गंदा पानी भरने के कारण गंदगी भी लोगों के ऊपर उचढ़ती है। इसके कारण परेशानी भी होती है।

रोहित यादव ने बताया कि सरकार के दरबार में जल्दी ही निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद को करवाना चाहिए यहां पर बड़ी संख्या में भक्ता प्रतिदिन पहुंचते हैं । प्राचीन स्थल है दूर-दूर से भक्त यहां पर सरकार के दरबार में अर्जी लगाने के लिए आते हैं, उनकी मनोकामनाएं भी सरकार की कृपा से पूर्ण होती है। इतने अच्छे स्थल पर भी समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य नहीं करवाया जा रहा है। पहले यहां पर पेपर ब्लॉक लगाए गए थे। जिनको लगाते समय सही तरीके से नहीं लगा इसकी वजह से वह जगह-जगह से उखाड़ कर परेशानी का कारण बन गए हैं। गंदा पानी भी इनमें भरा हुआ है। वाहनों के आने-जाने के दौरान और भी ज्यादा परेशानी होती है। अब देखना है कितने जल्दी यहां पर नगर पालिका परिषद ठेकेदार के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाएंगे। नगर पालिका इंजीनियर ने बताया कि निर्माण कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं यहां पर भी हम जल्दी ही निर्माण कार्य करवाएंगे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आठ सितंबर को

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आठ सितंबर को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कंपोजिट भवन के बेतवा सभागार में दोपहर 12 से प्रारंभ होगी। उक्त बैठक में प्रस्तावित एजेंडा बिंदु जिनमें पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही के विवरण पर चर्चा। जिला अंतर्गत समस्त नगरीय क्षेत्र में यातायात सुधार हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं यातायात पुलिस के साथ संयुक्त बैठक कर यातायात सुधार कार्य पर चर्चा। नीमताल स्थित माधवगंज क्र. 1 स्कूल एवं भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा विदिशा के सामने रम्बल स्ट्रिप का कार्य करने पर चर्चा होगी।

# मतदाता सूची में दर्ज होने से कोई नहीं बचा, इसका प्रमाण पत्र दें



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देश दिए है कि उनके संस्थान में अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुके है के आश्य का प्रमाण पत्र संस्था के प्राचार्य निर्वाचन कार्यालय को दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर भार्गव ने संबंधितों से कहा है कि यदि अभी भी किसी विद्यार्थी का नाम मतदाता सूची में किन्ही कारणो से अब तक दर्ज नहीं हो पाया है तो वह 31 अगस्त के पहले दर्ज कराने का कार्य करा सकते है वहीं यदि मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता अथवा अन्य त्रुटि में सुधार कराना चाहते है तो वे भी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन अंतिम तिथि तक जमा कर सकते है। प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य का दायित्व होगा कि विद्यार्थियों से संवाद कर यह जानकारी लें कि मतदाता सूची में सभी का नाम दर्ज है।

# तेंदूपत्ता संग्रहकों को बांटी सामग्री

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

उपवन मंडल अधिकारी सिरोंज एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में तेंदूपत्ता समिति टोरी बागरोद एवं देवपुर समिति को मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत वर्ष 2022 के तेंदूपत्ता संग्राहकों को जूता चप्पल साड़ी पानी की बोतल का वितरण किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक अधिकारी शफीक अहमद सिरोंज एवं श्रीमती पार्वती राजेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत टोरी बागरोद उपस्थित रही । वही छाता की राशि 200 रुपए प्रति एक संग्राहक के खाते में जमा की गई।

## चरण पादुका योजना अंतर्गत दिया लाभ



# आवारा मवेशियों का सड़क पर ठिकाना, वाहन चालक परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



नगर में आवारा पषुओं की धमाचौकडी बड गई है मुख्य मार्गो पर आवारा सांड और गायों ने कब्जा कर रखा है वही आवारा मवेषियो का जहां वहा रोडो पर बैठा हुआ देखा जा सकता है । स्थानीय प्रषासन आवारा पषुओ के कारण आम लोगो को आ रही परेषानियों को दूर करने के लिए गंभीर नजर नही आ रही है।

नगर मे आवारा पषुओं की तादात पहले से ही काफी अधिक है सबसे अधिक परेषानियां आवारा पषुओ के कारण आ रही है। रात के समय मुख्य मार्गो पर बीच रोड पर बैठे आवारा मवेषी हार्न से भी नही हटते है स्वयं उतरकर हटाना पडता है । वही आवारा सांड आये दिन लोगो को घायल कर रहे है वही ठेला चालक आये दिन इन सांडो से परेषान है सब्जी मंडी में दुकानदारो की सब्जी फल को भी आवारा पषु चट कर जाते है जिससे उन्हे नुकसान होता है । यह आवारा पषु सब्जी दुकानो पर उस समय अचानक मुँह मारते है जब दुकानदार या तो ग्राहक को सब्जी तोल रहा होता है यह फिर उसका ध्यान इधर उधर होता है । आवारा पषुओ को गौषाला में रखने के भी पर्याप्त इंतजाम है फिर भी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इन आवारा पषुओ को गौषाला नही भेज रही है जिससे नागरिक काफी परेषान है । गौवंष के अलावा सुअरों की तादात भी एकाएक बढ गई है नगर की लगभग हर कालोनी में आवारा सुअरों के झुंड विचरण करते रहते है कई बार छोटे छोटे बच्चे भी भागते हुए नजर आये है वही आवारा कुत्तो ने नगर के लिए परेषानी पैदा कर रखी है कुई कुत्ते तों रात के समय दोपाहिया मोटर सायकल चालको के पीछे पडते हुए देखा गया है घबराकर कई बार मोटर साईकल चालक गिरकर घायल भी हो चुके है मगर प्रषासन इस और बिल्कुल भी ध्यान नही दे रही है जिससे नगर के लोग काफी परेषान है ।

**इनका कहना है**

*नपा द्वारा समय समय पर आवारा मवेषियों को घेर कर डिपों मे भेजा जाता है जल्द ही टीम गठित कर आवारा मवेषियों को डीपो मे भेजने की कार्यावाही करेगे ।*

***बालमुकुंद कुशवाह, नपा प्रभारी सीएमओ सिरोंज ।***

# सरपंचों ने जनपद कार्यालय में दिया धरना

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

चुनावी साल में फायदा लेने की कोशिश कर्मचारी तथा कई जनप्रतिनिधि कर रहे हैं ।इसी क्रम में सरपंच संघ के द्वारा भी अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना सोमवार से प्रारंभ किया है जिसमें बड़ी संख्या में सरपंच एकत्रित हुए । जनपद कार्यालय के परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया है। उनका कहना है कि हम लोग सरपंच बने कई महीने हो चुके हैं पर बजट नहीं दिया जा रहा है । हमारे अधिकारों का हमें इस्तेमाल नहीं करने दिया जा रहा है। इस वजह से हम अपनी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य भी नहीं करवा पा रहे हैं ।जिन लोगों ने हमें वोट देकर यहां पहुंचा उनके काम भी नहीं करवा पा रहे हैं। हमारी सारी मांगे सरकार पूर्ण करें नहीं तो हम और भी बडा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में सरपंच मौजूद थे।



# 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के द्वितीय चरण का संचालन

**विदिशा।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत द्वितीय चरण का शुभांरभ एक सितम्बर से विदिशा जिले में भी हुआ है अभियान के तहत निहित बिन्दुओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। जिला नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी श्री सलीम खॉन ने बताया कि सितम्बर माह तक ग्राम स्तर पर तथा एक से 13 अक्टूबर तक विकासखण्ड स्तर पर अभियान के तहत बिंदुओ का क्रियान्वयन किया जाएगा। 22 से 27 अक्टूबर को राज्य एकत्रित समारोह का आयोजन तथा 28 से 30 अक्टूबर को दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह होगा।

**मेट्रो एंकर** | जगह-जगह स्वागत, कांग्रेस नेता के घर जाकर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

# कोलारस विधायक पहुंचे कांग्रेस सचिव के घर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र रघुवंशी की माता जी का पिछले दिनों निधन होने के बाद उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए कोलारस विधायक एवं रघुवंशी समाज अध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी पहुंचे और परमपिता परमेश्वर माताजी को अपने चरणों में स्थान दे परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। अन्य स्थानों पर भी समाज जनो द्वारा स्वागत भी किया गया । इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गगनेंद्र रघुवंशी ने भी अपने शोरूम पर इनका स्वागत किया।

रघुवंशी समाज का बीजेपी करती है शोषण वीरेंद्र रघुवंशी - कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कोलारस के विधायक वीरेंद्र कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए शिवपुरी विधानसभा से टिकट भी इनको कांग्रेस पार्टी दे सकती है। वही भाजपा पर आरोप लगाते हुए श्री रघुवंशी ने कहा कि भाजपा में हमेशा रघुवंशी समाज का केवल उपयोग किया जाता है है भाजपा में कभी भी रघुवंशियों को न ही संगठन में और ना ही शासन मैं कोई विशेष दायित्व दिया जाता। भाजपा में हमेशा रघुवंशी समाज की उपेक्षा ही की जाती रही है इसी पीड़ा के कारण मैं रघुवंशी समाज का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुआ हूं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही रघुवंशी समाज का आदर और सम्मान किया है। विगत वर्षों का रिकॉर्ड देखा जाए तो रघुवंशी समाज के विधायक तथा मंत्री भी कांग्रेस शासन काल में रहे हैं ।भाजपा में अभी तक किसी भी रघुवंशी समाज विधायक को मंत्री नहीं । इस पार्टी के कहने और करने में बहुत अंतर है । मेरी कांग्रेस पार्टी में रघुवंशी समाज के नेतृत्व को लेकर संगठन से बात हुई है 4 से 5 स्थान पर रघुवंशी समाज को टिकट पार्टी देगी ऐसा आश्वासन दिया गया है जिससे कि हमें समाज को आगे लाने का मौका मिलेगा उन्होंने कहा कि सभी समाज जन संगठित होकर रहे प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए एकजुट होकर हमें काम करना होगा मैं हमेशा समाज को संगठित करने का प्रयास करता हूं और करता रहूंगा। पार्टी हाईकमान से टिकटों को लेकर भी मेरी बात हो गई है उन्होंने मुझे पूरा भरोसा दिया है 4 से 5 टिकट जरूर पार्टी समाज को देगी।



### कोलंबो में लगातार बारिश हो रही से क्रिकेट मुकाबले में पड़ रहा खलल

# बारिश ने बिगाड़ा एशिया कप का शेड्यूल अब हंबनटोटा में हो सकते हैं बाकी मैच

**हंबनटोटा, एजेंसी**

एशिया कप 2023 में सुपर-4 स्टेज के मैच हंबनटोटा में कराए जा सकते हैं। सूत्रों ने बताया सुपर-4 मुकाबलों को हंबनटोटा में शिफ्ट किया जा सकता है। कारण, कोलंबो में लगातार बारिश हो रही है। वेदर रिपोर्ट के अनुसार, हंबनटोटा में बारिश के आसार कम हैं। इसीलिए एसीसीवहां सुपर-4 मैच कराने की सोच रहा है। सुपर-4 स्टेज 6 सितंबर से शुरू होगा। पहला मुकाबला पाकिस्तान के लाहौर में खेला जाएगा, शेष मुकाबले हंबनटोटा में हो सकते हैं। मुकाबले होस्ट करने के लिए हंबनटोटा की दावेदारी इसलिए भी मजबूत है, क्योंकि हंबनटोटा में बारिश के आसार कम हैं। इन दिनों कैंडी बारिश की आशंका हंबनटोटा के मुकाबले ज्यादा है, जबकि दाम्बुला में ब्रॉडकास्टर्स और टीमों ने सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं।



### सुपर-4 में भारत-पाकिस्तान मैच भी होने की उम्मीद

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला बारिश के कारण कैंडी में बेनतीजा रहा था। दोनों टीमें अब सुपर-4 स्टेज में एक बार फिर आमने-सामने हो सकती हैं। पाकिस्तान ने 3 पॉइंट के साथ सुपर-4 में क्वालिफाई कर लिया है। टीम इंडिया अगर नेपाल के खिलाफ मैच जीतने में कामयाब हो जाती है तो टीम सुपर-4 में क्वालिफाई कर जाएगी। दोनों के बीच मैच अगर बारिश के कारण बेनतीजा रहा तो भी भारत 2 पॉइंट्स के साथ सुपर-4 में क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि नेपाल इस वक्त जीरो पॉइंट के साथ ग्रुप-ए में आखिरी नंबर पर है। तय शेड्यूल के अनुसार क्वालिफाई करने पर भारत का सुपर-4 में पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ ही होगा। ये मुकाबला फिलहाल 10 सितंबर को कोलंबो के मैदान पर कराया जाना है, लेकिन वहां 10 सितंबर को भारी बारिश की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है।

### बड़ा सवाल: बारिश के मौसम में श्रीलंका में मैच कराए ही क्यों?

भारत की वजह से एशिया कप के मैच श्रीलंका में आयोजित कराए गए। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है, पूरे मैच पाकिस्तान में ही होने थे, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राजनीतिक कारणों से अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया। भारत की समस्या के कारण एशिया कप के 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका को मिले। पाकिस्तान में इस वक्त गर्मी का मौसम है, वहां बारिश नहीं हो रही। पाकिस्तान और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में भी धूप छाई रही। वहीं अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच लाहौर में मुकाबला भी बगैर बारिश के ही खेला गया।

### कोलंबो से इसलिए शिफ्ट हो रहे मुकाबले

एशियन क्रिकेट काउंसिल के सूत्रों के अनुसार, कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है और शहर में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की आशंका जताई है। यही कारण है कि कोलंबो से सुपर-4 स्टेज के मैच शिफ्ट हो रहे हैं। कोलंबो में सुपर-4 स्टेज का पहला मैच 9 सितंबर को होना है, शहर में इसके बाद 15 सितंबर तक 4 और मैच भी शेड्यूल्ड हैं। 17 सितंबर को एशिया कप का फाइनल मुकाबला भी कोलंबो में ही होना तय हुआ है। बता दें भारत ने नेपाल की टीम को 10 विकेट से हराया। इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में भारत के नाम 3 अंक हो गए हैं। इस ग्रुप से पाकिस्तान टीम 3 पॉइंट्स के साथ पहले ही सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। नेपाल दोनों मैच हारकर बाहर हो गया।

### 10 सितंबर को एक बार फिर बारिश की आशंका

कोलंबो में सोमवार को पूरे दिन बारिश हुई। एक्यूवेदर वेबसाइट के अनुसार, सोमवार से अगले रविवार (10 सितंबर) तक शहर में बिजली गिरने के साथ तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान टेम्प्रेचर 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जिस कारण किसी भी तरह की आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी पॉसिबल होने के चांस खत्म हो जाएंगे।

### 23 साल बाद डूरंड कप का खिताब जीता

# मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया दिया



**कोलकाता, एजेंसी**

मोहन बागान सुपर जाइंट्स ने 23 साल बाद डूरंड कप का खिताब जीत लिया है। कोलकाता में खेले गए फाइनल में मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया। 62वें मिनट में मोहन बागान के एक खिलाड़ी को रेड कार्ड दिए जाने के बाद टीम को आखिरी समय तक 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। मोहन बागान का यह 17वां खिताब है। आखिरी बार साल 2000 में महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल के जरिए हराकर खिताब जीता था।

### मोहन के लिए इकलौता गोल दिमित्री पेट्राटो ने की

हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं मैच के 62वें मिनट में मोहन बागान के अनिरुद्ध थापा को रेड कार्ड दिए जाने पर बाहर जाना पड़ा। जिसके बाद मोहन बागान को करीब 30 मिनट तक 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। वहीं मैच के 71वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई खिला?ी दिमित्री पेट्राटोस ने गोल कर मोहन बागान को 1-0 से बढ़त दिला दी। ये बढ़त अंत तक बरकरार रहा। मोहन बागान ने डूरंड कप आखिरी बार साल 2000 में महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल के जरिए हराकर खिताब जीता था। मोहन बागान ने डूरंड कप आखिरी बार साल 2000 में महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल के जरिए हराकर खिताब जीता था।

### मोहन बागान ने 2004 के हार का बदला लिया

मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल से 2004 के फाइनल में हार का बदला ले लिया। इस मैच में उन्हें 1-2 से शिकस्त मिली थी। वहीं ईस्ट बंगाल 11 साल से राष्ट्रीय स्तर पर कोई खिताब नहीं जीत पाई हैं। ईस्ट बंगाल ने आखिरी खिताब 2012 में फेडरेशन कप में जीता था।

### मोहन बागान को मिले 60 लाख रुपए

वहीं डूरंड कप विजेता मोहन बागान को 60 लाख रुपए मिले। जबकि रनरअप रही ईस्ट बंगाल को 30 लाख रुपए मिले। वहीं मोहम्मदन स्पोर्टिंग क्लब के डेविड लालह्लानसांग गोल्ड बूट रहे। उन्हें लाख मिले। जबकि इमामी ईस्ट बंगाल के प्रभाशुकन गिल गोल्ड गलव्स रहे। उन्हें 3 लाख रुपए मिले। वहीं इमामी ईस्ट बंगाल के नंदकुमार शेखर को गोल्डन बॉल का खिताब दिया गया।

# यूएस ओपन टेनिस : अब अंतिम-8 में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा

**न्यूयार्क, एजेंसी**

स्टार टेनिस खिलाडी नोवाक जोकोविच साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वो 13वीं बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इसी के साथ जोकोविच ने टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वहीं विमेंस सिगल्स की डिफेंडिंग चैम्पियन इगा स्वितेक हारकर बाहर हो गई हैं। 23 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने चौथे राउंड में 105वीं रैंकिंग वाले क्रोएशियाई क्वालिफायर बोर्ना गोजो



को सीधे सेटों में 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के यूएस ओपन विजेता जोकोविच का अंतिम-8 में सामना अमेरिक के नंबर-1 खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पहली बार यूएस ओपन के अंतिम-8 में पहुंचे हैं। जोकोविच ने क्रोएशियाई क्वालिफायर बोर्ना गोजो को 6-2, 7-5, 6-4 से हराया जोकोविच ने क्रोएशियाई क्वालिफायर बोर्ना गोजो को 6-2, 7-5, 6-4 से हराया ओस्टापेंको ने स्वितेक को हरा दिया। चार ग्रैंडस्लैम जीत चुकी स्वितेक विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 में दुनिया की 21वें नंबर की जेलेना ओस्टापेंको से 6-3, 3-6, 1-6 से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गईं। 1 घंटे 48 मिनट तक चले मैच में पहला सेट हारने के बाद ओस्टापेंको ने शानदार वापसी की।

### वीडियो हुआ वायरल: मैदान में बैठे दर्शकों को मिडिल फिंगर दिखाने के मामले में पूर्व क्रिकेटर ने बताई हकीकत

# गंभीर बोले- मैं अपने देश के खिलाफ नहीं सुन सकता

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मैदान में बैठे दर्शकों को मिडिल फिंगर दिखाने पर पूर्व क्रिकेटर और भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा- क्राउड में पाकिस्तान के कुछ फैंस हिंदुस्तान विरोधी नारे लगा रहे थे, इसीलिए मैंने वैसा (मिडिल फिंगर दिखाना) रिएक्ट किया। अगर कोई पर्सनली भी गालियां देगा तो मैं हंस के थोड़ी न चला जाऊंगा। दरअसल, सोशल मीडिया पर गंभीर का एक वीडियो सामने आया। इसमें वे एशिया कप मैच देख रहे दर्शकों को मिडिल फिंगर दिखाते नजर आए। इस पर गंभीर ने एक इंटरव्यू



में कहा- जरूरी नहीं कि सोशल मीडिया पर जो भी दिखाया जाता है वह सच ही हो। गौतम गंभीर ने बताया- क्राउड में पाकिस्तान को सपोर्ट कर रहे 2-3 लोग बैठे हुए थे, वे भारत विरोधी नारे लगा रहे थे। पाकिस्तानी फैंस कश्मीर पर भी कमेंट कर रहे थे। एक भारतीय के रूप में मैं अपने देश के खिलाफ ये सब नहीं सुन सकता। गौतम गंभीर ने बताया, कोई देश के खिलाफ कुछ कहेगा तो मैं ऐसे ही रिएक्ट करूंगा। गंभीर ने आगे कहा- सच्चाई ये है कि आप एंटी इंडिया नारे लगाएंगे या ये कहेंगे कि हिंदुस्तान मुर्दाबाद या फिर कश्मीर के बारे में कहेंगे तो बंदा किसी तरह से तो रिएक्ट करेगा। अगर आप देश के बारे में कुछ उलटा बोलेंगे या पर्सनली भी गालियां देंगे तो मैं हंस के चले जाने वाले लोगों में से तो नहीं ही हूं।

### यह था वीडियो में

गौतम गंभीर फिलहाल एशिया कप में ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स की ओर से कॉमेंट्री टीम का हिस्सा है। कॉमेंट्री के बाद मैदान से बाहर निकलते हुए उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इस वीडियो में वह मोबाइल पर बात करते-करते दर्शकों को मिडिल फिंगर दिखाते नजर आए। मिडिल फिंगर आमतौर पर किसी को नीचा दिखाने के लिए इस्तेमाल की जाती है। इस वीडियो में 'कोहली-कोहली' का भी शोर सुनाई दे रहा है। लेकिन गंभीर ने कहा कि सोशल मीडिया पर हर बात सच नहीं होती।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# 'पेरेंट्स चाहते थे मेरे पास करियर बैकअप हो'

बीते दिनों कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। हाल ही में उन्होंने बताया है कि उनके पेरेंट्स फिल्म इंडस्ट्री में उनके फ्यूचर को लेकर टेंशन में रहते थे। पेरेंट्स उनके करियर को लेकर ज्यादा परेशान न हों, इसलिए उन्हें बैकअप प्लान के साथ इंडस्ट्री में आना पड़ा। उन्होंने बताया कि उन्होंने एग्जाम दिया था, सिर्फ इसलिए की अगर फिल्मों में वो सफल करियर न बना पाएं तो कम से कम किसी अच्छे बिजनेस स्कूल से पढ़ाई तो हो ही जाएगी। कृति ने बताया कि मिडिल क्लास परिवार से होने के बावजूद उन्हें अपने पेरेंट्स को फिल्म इंडस्ट्री में जाने के लिए राजी करने में ज्यादा मुश्किल नहीं आई। कृति ने बताया कि उनके पापा इ्र हैं और उनकी मां प्रोफेसर हैं। इसके बावजूद उन्होंने एक्टर बनने के उनके सपने को सच बनाने में हमेशा उन्हें सपोर्ट किया।



### सैंडल फंसने से बिगड़ी थी कोरियोग्राफी

कृति ने बताया कि शुरुआत में मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। उन्होंने कहा- मैंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। मेरे पहले रैंप शो में मेरे कोरियोग्राफर ने मुझे करीब 50 लोगों के सामने डांटा था। वो मुझसे बहुत नाराज थीं क्योंकि मैंने शो के दौरान कोरियोग्राफी में कुछ गड़बड़ कर दी थी। लेकिन, वो बहुत ज्यादा रयुड थीं। दरअसल, मैं पहली बार रैंप पर थी और ये इवेंट किसी फार्महाउस में था जहां गीली मिटटी में मेरी हील सैंडल फंस रही थी। वो मुझपर भड़क गईं और मैं वहीं रोने लगी। लेकिन, मैंने हार नहीं मानी। कृति ने कहा- बैकअप प्लान साथ होने की वजह से मैं कुछ हद तक रिलैक्स रहती थी। मैं समझती थी कि मैं के मिडिल क्लास फैमिली से हूं और मेरे परिवार में कभी किसी का फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है।

### नागार्जुन बोले- विजय और सामंथा दोनों अच्छे एक्टर हैं...

नागार्जुन ने विजय देवरकोंडा और सामंथा दोनों की तारीफ की। ऑफ कैमरा उन्होंने कहा- आप दोनों जबरदस्त एक्टर हैं। दोनों एक साथ जबरदस्त लगते हैं। दोनों की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री अच्छी लगती है। शो के दौरान नागार्जुन ने विजय से पूछा कि क्या उन्होंने फिल्म के दौरान एक-दूसरे के बीच कॉम्पिटिशन रखा? इस पर विजय ने कहा- 'हां हमने ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन हमें वही करना पड़ा, जो हमें रोल दिए थे। सामंथा रुथ प्रभू और विजय देवरकोंडा स्टारर फिल्म कुशी बॉक्स-ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। इस बीच विजय लगातार फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। वहीं एक्टर बिग बॉस तेलुगु सीजन 7 में फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे, हालांकि इस दौरान सामंथा उनके साथ नहीं थीं। ऐसे में सामंथा के एक्स ससुर और बिग बॉस तेलुगु सीजन 7 के होस्ट सुपरस्टार नागार्जुन ने सामंथा का हाल पूछा।



### अंकिता बोली- मैं पर्सनल लाइफ को बैलेंस नहीं कर पाई

अंकिता लोखंडे ने टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से खूब पॉपुलैरिटी बटोरी थी। इस शो के बाद वे इंडस्ट्री में एंट्री करना चाहती थीं। उस वक्त उनके बॉयफ्रेंड रहे दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने सक्सेसफुली खुद को टीवी से इंडस्ट्री में ट्रांजिट किया था। अंकिता भी ऐसा करना चाहती थीं पर उन्होंने अपने रिश्ते को अहमियत देते हुए एक बड़ा मौका ठुकरा दिया था। अंकिता ने बताया कि डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने उन्हें अपनी फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' के लिए अप्रोच किया था पर एक्ट्रेस ने यह ऑफर ठुकरा दिया था। वे उस वक्त सुशांत से शादी करना चाहती थीं। अंकिता ने कहा, 'मुझे वाकई कोई अफसोस नहीं। उस वक्त मेरी प्रायोरिटी अलग थीं। साथ ही मुझे करियर और पर्सनल लाइफ के बीच बैलेंस बनाना भी नहीं आता था। अब मैं इसे ठीक से मेंटेन करती हूं और दूसरों से भी यह बैलेंस बनाने के लिए कहती हूं।' अंकिता को फराह खान ने भी शाहरुख खान स्टारर 'हैप्पी न्यू ईयर' के लिए अप्रोच किया था पर उन्होंने इस फिल्म को भी करने से इनकार कर दिया था।



### एक वक्त था जब मैंने कई गलत फैसले किए

एक इंटरव्यू में अंकिता ने कहा, 'मुझे इस फैसला का अफसोस नहीं है। हालांकि, एक वक्त था जब मैंने कई गलत फैसले किए और अब मैं उसी पोजिशन पर पहुंचने के लिए काफी मेहनत करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने पति (विकी जैन) के साथ अपनी ड्रीम लाइफ एंजॉय कर रही हूं।' बाजीराव-मस्तानी पर बात करते हुए एक इंटरव्यू में अंकिता ने बताया था, 'संजय सर ने मुझे बुलाया था और कहा था- कर ले बाजीराव, वर्ना याद रख पछताएगी तू। पर मैंने उनसे कहा- नहीं सर मुझे शादी करनी है। इसके बाद उनके पास मुझसे कहने के लिए कुछ नहीं था। हालांकि, उन्होंने मेरी काफी तारीफ की और उनके मुंह से अपनी तारीफ सुनना मेरे लिए काफी था।'



# अब कस्टमर्स डिजिटल करेंसी का ट्रांजेक्शन यूपीआई से कर सकेंगे

**मेट्रो बाजार**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की डिजिटल करेंसी को यूपीआई के साथ जोड़ दिया है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई के कस्टमर्स भी डिजिटल करेंसी का ट्रांजेक्शन यूपीआई के जरिए कर पाएंगे। इसके लिए यूजर्स को ई-रुपी बाय यूपीआई ऐप डाउनलोड करना होगा। यूपीआई से पहले देश के 6 बड़े बैंक- यस बैंक, एक्सिस बैंक, केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस सर्विस को लागू कर दिया है। पिछले साल दिसंबर में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी प्रोग्राम लॉन्च किया था। एसबीआई इस प्रोग्राम के पायलट प्रोजेक्ट में जुड़े बैंकों में से था। दरअसल, ई-रुपी, कागज करेंसी का डिजिटल रूप है, जो क्रिप्टो करेंसी की तरह ब्लॉक-चेन टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है। इसकी वैल्यू भी मौजूदा करेंसी के बराबर ही होती है। यह 100, 200 या 500 रुपए के नोट की तरह ही सरकार का एक लीगल टेंडर है, जिसे कोई लेने से इनकार नहीं कर सकता है। इसे मोबाइल वॉलेट में ही रखा जा सकता है। इसे रखने के लिए बैंक खाते की जरूरत नहीं होती है। यूपीआई से ट्रांजैक्शन करने के लिए बैंक अकाउंट में पैसा होना जरूरी है। इसके लिए या तो आपको खुद फिजिकल करेंसी को अकाउंट में डिपॉजिट करना होगा या फिर कहीं से अपने बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवाना होगा। इसका मतलब यह है कि किसी न किसी को एक बार तो फिजिकल करेंसी अकाउंट में डिपॉजिट करना ही होगा तभी ये ट्रांसफर पॉसिबल हो पाएगा। लेकिन एक बार भी फिजिकल करेंसी को अकाउंट में नहीं डालना पड़ता है। एसबीआई फिजिकल करेंसी की जगह सीधे डिजिटल वॉलेट में पैसा ट्रांसफर करता है। इसका मतलब है कि आप अभी जिस तरह से अपने जेब या लेदर वॉलेट में नोट रखते है उसकी जगह वॉलेट में ई-रुपी रखेंगे और ट्रांजैक्शन कर सकेंगे।





# भारत में गेमिंग इंडस्ट्री आने वाले सालों में तेजी से बढ़ेगी

**मुंबई, एजेंसी।** मोबाइल गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया कंपनी नजारा टेक्नोलॉजी के शेयर में तेजी देखने को मिली। नजारा टेक का शेयर 77.45 रुपए यानी 10.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 837 रुपए पर बंद हुआ। दरअसल, नजारा टेक में ब्रोकरेज फर्म जीरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत 100 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेंगे। नजारा टेक्नोलॉजी ने इस बात की जानकारी स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही नजारा के शेयर में यह तेजी आई है। वहीं कारोबार के दौरान नजारा टेक्नोलॉजी के शेयर ने 12 प्रतिशत की तेजी के साथ 854 रुपए का अपना नया 52-वीक हाई बनाया था। पिछले 5 दिन में इस शेयर ने 16.22 प्रतिशत, 1 महीने में 22.29 प्रतिशत और 6 महीने में 58.45 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निखिल कामत का नजारा में यह इन्वेस्टमेंट प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट के जरिए होगा। कामत एसोसिएट्स एंड एनके-स्क्वॉयर्ड को 100 करोड़ रुपए के 1.4 मिलियन यानी 14 लाख इक्विटी शेयर्स शेयर जारी करने के लिए नजारा के बोर्ड ने मंजूरी भी दे दी है। ये इक्विटी शेयर्स जारी होने की तारीख से 6 महीने के पीरियड के लिए लॉक रहेंगे। हालांकि, अभी इसे शेयरहोल्डर्स और रेगुलेटर से मंजूरी मिलनी बाकी है। पिछले महीने 10 जुलाई को नजारा के बोर्ड ने इक्विटी शेयरों के जरिए 750 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी दी थी। नजारा टेक की एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई जानकारी के मुताबिक, निखिल कामत को कंपनी के शेयर 714 रुपए के भाव पर दिए जाएंगे। यह 1 सितंबर के क्लोजिंग प्राइस से करीब 6 प्रतिशत डिस्काउंट पर है।

### पत्नी ने बेटी को साथ ले-जाकर बैरागढ़ थाना में दर्ज कराया मामला

# शराबी पिता कर रहा था 13 साल की बेटी से दुष्कर्म



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरागढ़ थाना क्षेत्र में सगे पिता द्वारा 13 साल की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी करीब छह महीने से अपनी ही बेटी का दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी की इस हरकत पर पत्नी की नजर पड़ी तो मामला पुलिस थाने पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार, दैहिक शोषण और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।**

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 13 साल की किशोरी ने पढ़ाई छोड़ दी है। वह घर में अपनी मां और बीमार मां नानी समेत आरोपी पिता के साथ रहती है। पिता मजदूरी करता है और शराब पीने का आदी है। नाबालिग की मां गर्भवती थी और सुल्तानिया जनाना अस्पताल में थी। उसने बच्चे को जन्म दिया और अभी घर पर ही रह रही है। मां की गैरमौजूदगी में आरोपी ने छह महीने पहले अपनी बेटी को धमकाते हुए उससे शारीरिक संबंध बनाए थे। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि 3 अगस्त की रात करीब 9 बजे उसकी नींद खुली तो पति बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। उसने शोर मचाया तो वह भाग खड़ा हुआ। बेटी से पूछा तो बेटी ने बताया कि वह पूर्व में भी उसे धमकाकर उससे शारीरिक संबंध बना चुका है। इसके बाद मां सोमवार को उसे थाने लेकर पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पत्नी की तबीयत खराब का बहना बताकर बुलाया, फिर की छेड़छाड़



**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र में सहेली के पति द्वारा महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने उक्त मामले में केवल छेड़छाड़ का ही प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 27 साल की महिला इलाके में रहती है और भेल में ठेका श्रमिक है। इसी इलाके में रहने वाले चेतन गुप्ता ने सोमवार शाम चेतन गुप्ता ने महिला को कॉल कर बताया कि उसकी पत्नी विनिता की तबीयत खराब है। उसे डॉक्टर के पास ले जाना है। महिला चेतन के घर पहुंची थी। उसने पूछा कि विनिता कहां है। इस पर चेतन ने कहा कि वह अंदर कमरे में है। महिला कमरे में पहुंची तो पीछे से चेतन गुप्ता पहुंच गया और उसका बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। वह दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। इसी बीच पीड़िता ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया और विनिता की भाभी को काल कर घटना की जानकारी दी। विनिता की भाभी और विनिता घर पहुंची और उसे बाथरूम से बाहर निकाला। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जहरीला पदार्थ खाकर बेटे को किया मैसेज, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित प्रियंका नगर अस्सी फीट रोड पर हिमालय अस्पताल के पास एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से पहले वह मोबाइल ऑपरेट कर रहे थे। जहर खाने के बाद उन्होंने बेटे को मैसेज किया था। लोकेशन के आधार पर उनका बेटा अपनी मां को लेकर पहुंचा और पिता को अस्पताल ले गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खेलते थे।

**प्रियंका नगर अस्सी फीट रोड पर मंदिर के बाहर खाया जहर**

पुलिस ने बताया कि राजीव वाष्णै ( 52 ) प्रियंका नगर, कोलार में किराए से रहते थे और निजी कंपनी में नौकरी करते थे। रविवार शाम वह प्रियंका नगर अस्सी फीट रोड पर स्थित मंदिर के पास पार्क में बैठे थे। कुछ देर मोबाइल ऑपरेट करने के बाद उन्होंने अपने बेटे विनायक को मैसेज किया। मैसेज में उन्होंने लिखा था कि मैंने जहरीला पदार्थ खा लिया है। बेटे विनायक ने मां को घटना की जानकारी दी और उनके साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान भीड़ लगी हुई थी और राजीव सड़क पर गिरे हुए थे। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। कुछ दूरी पर उनकी स्कूटर खड़ी हुई थी। मां बेटा उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वे आनलाइन सट्टा खेलते थे। अनुमान है कि सट्टे में नुकसान होने के बाद ही उन्होंने यह कदम उठाया है।

## किराना दुकान से लौट रही सातवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़



**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में सातवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी पिछले कुछ दिनों से उसका पीछा कर रहा था और रविवार रात भी किराना दुकान से लौटते समय उसने छात्रा से हरकत कर दी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार चौदह साल की नाबालिग इलाके में रहती है और सातवीं कक्षा में पढ़ती है। इसी इलाके में रहने वाला आरोपी विक्की उर्फ वाहिद जाटव उसे कुछ दिनों से परेशान कर रहा था। वह स्कूल आते जाते समय और घर से बाहर निकलने पर उसका पीछा करता था। रविवार रात करीब आठ बजे के आसपास छात्रा मोहल्ले की किराना दुकान पर गई थी। इसी बीच आरोपी वहां पहुंच गया और उसने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया था। किसी तरह हाथ छुड़ाकर वह घर पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी विक्की पूर्व में भी उसका दो तीन बार हाथ पकड़ चुका है।

## पति से कहासुनी के बाद मायके पहुंची पत्नी ने लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ा और उसका भाई उसे मायके ले आया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार दीपाली रजक पिता महेश रजक ( 24 ) सुभाष नगर, ऐशबाग में रहती थी। उसकी शादी वर्ष 2019 में होशंगाबाद में हुई थी। वह पति और चार साल की बच्ची और एक साल के बच्चे के साथ होशंगाबाद में रह रही थी। उसका पति से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उसने घटना की जानकारी मायके पक्ष को दी। रविवार को दीपाली का भाई उसे होशंगाबाद से भोपाल ले आया था। सोमवार दोपहर दीपाली ने अपने मायके में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पंद्रह साल की नाबालिग से रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में पंद्रह साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बलात्कार और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एसीपी रजनीश कश्यप ने बताया कि 15 साल की नाबालिग इलाके में रहती हैं और स्कूली छात्रा हैं। उसके पिता की मौत हो चुकी है। पिता की मौत के बाद मां और बुआ में उसे साथ रखने के लिए विवाद चल रहा है। दरअसल मां चाहती है कि बेटी उसके साथ रहे, जबकि बुआ चाहती है कि बेटी उसके साथ रहे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद जब थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों और पीड़िता से पूछताछ की। इस दौरान पीड़िता ने बताया कि उसके साथ एक रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया है। लिहाजा पुलिस ने महिला अधिकारी से काउंसलिंग कराई और रिश्तेदार के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाश देर रात की थी, लेकिन वह नहीं मिला।



**धरना**

भोपाल। भोपाल के शाहजहांनी पार्क में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया।

## करबला के पास बड़े तालाब में मिली बुजुर्ग की लाश

**भोपाल , दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित करबला के पास बड़े तालाब में रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। रिटायर्ड कर्मचारी प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलते थे। सोमवार सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसके बाद घर नहीं पहुंचे। उन्हें कुछ लोगों ने तालाब में गिरते हुए देखा था और गोताखोरों को सूचना दी थी। सूचना के बाद गोताखोरों ने उनकी लाश बाहर निकाल ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान करते हुए परिजन को घटना की जानकारी दी थी। परिजन से पुलिस ने पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन गमजुदा होने के कारण वह बयान नहीं दे सके। पुलिस ने पीएम के बाद परिजन को शव सौंप दिया है।

पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान होने के बाद ही पता चल सकेगा कि उन्होंने आत्महत्या की है या फिर वह गलती से गिरे हैं। थाना प्रभारी ब्रजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि नानक राम बवनानी ( 65 ) कमला कांप्लेक्स लालघाटी में रहते थे। वे शासकीय विभाग से रिटायर्ड थे और पेंशनधारी थे। नानक राम प्रतिदिन सुबह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते थे। सोमवार सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसके बाद से ही घर नहीं लोटे। इसके बाद उनकी लाश तलाब से बरामद की गई।

## शराब तस्कर से 57.6 लीटर देशी शराब जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने छोला मंदिर स्थित श्रीराम कॉलोनी रेलवे ट्रैक के पास से एक शराब से 57.6 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 25 हजार रुपए है। क्राइम ब्रांच की धरपकड़ की इस कार्रवाई में आरोपी भागने में सफल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कैची छोला निवासी सौरभ जाटव श्रीराम कालोनी रेलवे ट्रैक के पास शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना पर जब टीम पहुंची तो रेलवे ट्रैक के पास एक युवक के आसपास काफी भीड़ लगी हुई थी। युवक सामने दो पेटी एवं उसके पीछे 5 और पेटी रखी थी। वहीं हाथ में पैसों का बैग रखा हुआ था। पुलिस ने सौरभ जाटव को घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण आरोपी सकरी गलियों से भाग निकला। क्राइम ब्रांच की टीम ने उसका पीछा किया लेकिन वह भाग चुका था। थोड़ी देर बाद पुलिस की टीम मौके पर लोटी और 7 पेटी देशी शराब की पेटियों जब्त की।




**मेट्रो एंकर** — 14 सितंबर से होंगे शुरू, 4 फरवरी 2024 तक चलेंगे

## प्रदेश के 52 कॉलेजों 22 विधाओं में युवा उत्सव

**भोपाल , दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश के कॉलेजों में युवा उत्सव के आयोजन को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 14 सितंबर से प्रदेश के 52 कॉलेजों में 22 विधाओं में युवा उत्सव शुरू किए जाएंगे। विभाग ने इसका कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोजन 4 फरवरी-24 तक चलेंगे। किसी कारणवश निर्धारित तिथि में आयोजन नहीं हुआ तो छात्र कल्याण अधिष्ठाता और क्षेत्रीय अतिरिक्ति संचालक कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर सुविधानुसार उत्सव करवा सकेंगे। इसके लिए एक पैनल भी बनाया जाएगा। इंटर क्लास कॉलेज स्तर पर 14, 15, 16 सितंबर, इंटर कॉलेज जिला स्तर पर 21, 22, 23 सितंबर, इंटर डिस्ट्रिक विवि स्तर पर 17, 18, 19 जनवरी-24 और इंटर विवि राज्य स्तर पर युवा उत्सव 2, 3, 4 फरवरी 2024 तक होंगे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022